राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 24
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 24 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 अखलाक लिंचिंग : आरोपियों को बचाने वाली यूपी सरकार की याचिका
पेज 4 अयोध्या में 16 वर्षीय छात्र की गोली लगने से मौत
पेज 6 ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का कमाल, टी20आई गेंदबाजों की रैंकिंग में

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिगो ने दिल्ली, मुंबई सहित कई हवाई अड्डों से रद की 50 उड़ानें

**नई दिल्ली।** घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को लगभग 50 उड़ानें रद कर दीं। ये उड़ानें मुंबई, दिल्ली, वाराणसी, पुणे, चंडीगढ़, अमृतसर, इंदौर और पटना समेत कई हवाई अड्डों से रद की गई हैं। हालांकि, एयरलाइन ने उड़ान रद किये जाने का कोई कारण नहीं बताया है। इस महीने की शुरुआत में बड़े पैमाने पर परिचालन व्यवधान को लेकर इंडिगो के खिलाफ जांच की जा रही है। इंडिगो को उसकी शीतकालीन अनुसूची के तहत शुरू में घरेलू मार्गों पर प्रति सप्ताह 15,014 उड़ानें या प्रति दिन 2,144 उड़ानें संचालित करने की अनुमति दी गई थी, जो कि 2025 की ग्रीष्मकालीन अनुसूची में उसके द्वारा संचालित प्रति सप्ताह 14,158 उड़ानों की तुलना में छह प्रतिशत अधिक थी।


### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड मामले में दो मैनेजरों को जमानत, एक की याचिका खारिज

गोवा के नाइट क्लब बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में गोवा की एक अदालत ने मंगलवार को दो मैनेजरों को जमानत दे दी। हालांकि, तीसरे मैनेजर विवेक सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी। क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इसके एक दिन बाद 7 दिसंबर को तीनों को गिरफ्तार किया गया था। अब तक इस मामले में आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।



### हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा...




### शायरी

वो चाहता था कि कासा खरीद ले मेरा
मैं उसके ताज की क़ीमत लगा के लौट आया !!

### अर्थसार

संसेक्स:
85,524.84
-42.63 (0.050%)
निफ्टी:
26,177.15
+4.75



### मौसम



अधिकतम : 20 डिग्री से0
न्यूनतम : 06 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 7 : 14
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 36

# एसआईआर : एमपी में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27 लाख नाम कटे

### केरल में 24 लाख नाम हटे; पहले 7 राज्यों से 2.70 करोड़ नाम कटे थे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं।

इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लीकेट पाए गए।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए।

केरल में 24.08 लाख और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में, 3.10 लाख वोटर्स में से 64 हजार वोटर्स के नाम ड्राफ्ट रोल में से हटाए गए हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है।

इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी, जिसमें अलग-अलग कारणों से 2.70 करोड़ से ज्यादा नाम हटाए गए। सबसे ज्यादा नाम तमिलनाडु से 97 लाख नाम कटे थे।

### 17 दिसंबर- 5 राज्यों-यूटी में 1 करोड़ से ज्यादा नाम कटे, बंगाल में सबसे ज्यादा

**पश्चिम बंगाल :** यहां 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाए गए।

**राजस्थान :** एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं।

**गोवा :** 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख ने फॉर्म जमा किए। यहां 1 लाख से ज्यादा नाम हटे, जिनमें मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं।

**पुडुचेरी :** ड्राफ्ट सूची से 1.03 लाख से ज्यादा नाम हटे हैं। अब कुल मतदाता 9.18 लाख रह गए हैं।

**लक्षद्वीप :** 27 अक्टूबर तक कुल 58 हजार मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद इनमें से 56,384 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल पाए गए हैं। यानी 1,616 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।



### लिस्ट राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी

ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। ईआरओ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर सीईओ के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा। अगर किसी मतदाता के दस्तावेज रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते, तो ईआरओ नोटिस जारी करेगा। जांच के बाद ही नाम जोड़ने या हटाने का फैसला लिया जाएगा। बिना सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा।

### तमिलनाडु से 97 लाख और गुजरात में 73 लाख वोटर के नाम कटे

**तमिलनाडु :** यहां पब्लिश हुए ड्राफ्ट रोल में से 97 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं।

**गुजरात :** राज्य में नई एसआईआर लिस्ट में 73.73 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कम हुए हैं।

---

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर देशभर में आक्रोश

# विहिप और बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के शासनकाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और मयमनसिंह में कपड़ा कारखाने के मजदूर दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार को देशभर में जनाक्रोश भड़क उठा। दिल्ली से लेकर कोलकाता, मुंबई, भोपाल और हैदराबाद तक सड़कों पर जनता का गुस्सा देखा गया।

विहिप और बजरंग दल ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले की निंदा करते हुए देशभर में प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ, बांग्लादेश के रवैये में कोई बदलाव नहीं आया है। हिंदुओं पर हमले को लेकर उसने चुप्पी साध रखी है। इतना ही नहीं, दिल्ली स्थित अपने उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर उसने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर लिया।




### विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता हुए एकत्रित

विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग और बंगाल तथा अन्य राज्यों में स्थित मिशन के बाहर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए।

उन्होंने पिछले सप्ताह उग्र भीड़ द्वारा दीपू दास की बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। बताते चलें, एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले 25 वर्षीय दीपू दास को उन्मादी भीड़ ने सड़कों पर घसीटा और बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला।

फिर उसके बेजान शरीर को एक पेड़ से बांधकर आग लगा दी। आइएएनएस के अनुसार, दिल्ली में सैकड़ों प्रदर्शनकारी बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर जमा हुए, नारे लगाए और दीपू दास पर हुए अत्याचार की निंदा की। भगवा झंडे लहराते हुए और यूनुस शासन के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारी राजनयिक परिसर की ओर बढ़े, बैरिकेड्स तोड़ दिए और दीपू दास के लिए न्याय की मांग की। कई प्रदर्शनकारियों ने बैनर और तख्तियां लहराईं और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला भी जलाया।

# असम में लगातार दूसरे दिन हिंसा, 8 घायल

### दो जिलों में इंटरनेट बंद, चराई जमीन पर अतिक्रमण का विरोध कर रहे जनजातीय लोग

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के अशांत कार्बी आंगलोंग जिले में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन हिंसा भड़क उठी। खेरोनी बाजार इलाके में प्रदर्शनकारियों के दो गुट आमने-सामने आ गए, जिसके बाद पथराव शुरू हो गया। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

इस हिंसा में कम से कम आठ लोग घायल हो गए, जिनमें प्रदर्शनकारी, पुलिसकर्मी और मीडिया कर्मी शामिल हैं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। इलाके में निषेधाज्ञा लागू है और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। फिलहाल हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।



दरअसल विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े आंदोलनकारी कार्बी आंगलोंग और पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिलों में पेशेवर चराई रिजर्व और ग्रामीण चराई रिजर्व में अवैध रूप से रह रहे लोगों को हटाने की मांग कर रहे हैं।

# यूपी के 5 युवकों की होटल में सोते वक्त मौत

### कमरे में कोयला जलाया था, सहारनपुर से काम करने कुरुक्षेत्र गए थे

**कुरुक्षेत्र।** यूपी के ठेकेदार समेत 5 युवकों की हरियाणा के होटल में मौत हो गई। सोमवार को काम से लौटने के बाद पांचों ने ठंड से बचने के लिए कमरे में कोयले की अंगीठी जलाई और खाना खाकर सो गए।

मंगलवार सुबह देर तक नहीं उठे तो होटल मैनेजर पहुंचा। उसने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। मैनेजर ने तुरंत पुलिस बुलाई। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई। देखा तो पांचों बेहोश पड़े थे।

सभी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, पांचों युवक कुरुक्षेत्र जिला जेल के पास एक होटल में पेंट करने आए हुए थे।



### रात को खाना खाकर कमरे में सोए थे पांचों

होटल के मैनेजर उपेंद्र नैन के मुताबिक, सोमवार शाम को सहारनपुर के शेखपुरा कदीम के रहने वाले ठेकेदार नूर के साथ चार लोग पेंट करने के लिए कुरुक्षेत्र पहुंचे थे।

शाम को 4: 00 बजे के बाद पहुंचे मजदूर रात को खाना खाकर एक कमरे में सो गए थे। बंद कमरे का दरवाजा जब सुबह देर तक नहीं खुला तो होटल कर्मचारी कंवरपाल ने मुझे जानकारी दी।

कर्मचारी की सूचना देते ही मैं तुरंत मौके पर पहुंचा और दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।

### दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी पुलिस, बेसुध मिले

कमरे का दरवाजा न खुलने पर उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और एक बार फिर खटखटा कर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। मगर, अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो दरवाजे को तोड़ना पड़ा। दरवाजा टूटते ही अंदर का दृश्य देख सभी के होश उड़ गए। वहां पांच लोग बेहोश पड़े थे। तुरंत ही सभी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बांग्लादेश के चटगांव जिले में हिंदू परिवारों के घर जलाए

**ढाका।** बांग्लादेश के चटगांव जिले में हिंदू परिवारों के घरों में आगजनी की गई है।

सोमवार तड़के करीब 3: 45 बजे पश्चिम सुल्तानपुर गांव में दो हिंदू परिवारों के घरों में आग लगा दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दो घरों के कुल सात कमरे जलकर खाक हो गए। ये घर सुखा शिल (दुबई में काम करते हैं) और दिहाड़ी मजदूर अनिल शिल के थे। घटना के वक्त घरों में आठ लोग मौजूद थे। रात का खाना खाकर सभी सो गए थे, तभी अचानक आग लग गई। जब परिवार के लोगों ने बाहर निकलने की कोशिश की तो पाया कि दरवाजे बाहर से बंद हैं।

### ट्रेनें लेट



नई दिल्ली में सर्दियों के कोहरे के कारण ट्रेन सेवाओं में देरी होने के चलते यात्री रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करते हुए।

# हरियाणा में कार पर ट्रक पलटा, 5 की मौत

### झज्जर में मकान की शटरिंग लगाकर लौट रहे थे; मृतकों में 4 यूपी के रहने वाले

**झज्जर।** हरियाणा के झज्जर में तूड़ी से भरा तेज रफ्तार ट्रक एक कार पर पलट गया। हादसे में कार सवार सभी पांचों लोगों की मौत हो गई। हादसा शाम 7 बजे सिलानी गांव के पास हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक हटाकर कार सवारों को बाहर निकाला गया।

पांचों लोगों की मौके पर मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए झज्जर के सामान्य अस्पताल भिजवा दिए हैं। मृतकों में ठेकेदार और 4 मजदूर शामिल हैं। इनमें ठेकेदार झज्जर के सुहरा और मजदूर उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। सभी एक निर्माणाधीन घर की शटरिंग लगाकर लौट रहे थे।



### शटरिंग की दुकान चलाता था घनश्याम

सुहरा गांव निवासी घनश्याम किशोर (50) शटरिंग लगाने का काम करता था। उसने सिलानी गेट पर दुकान की हुई है। उसके पास एक बेटा और एक बेटी है। दोनों की शादी हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के बजेटा गांव निवासी अखिलेश (22), जयवीर (30) पिंटू (23), आजमगढ़ के पावरपुर निवासी जर्नादन उर्फ मुन्ना घनश्याम की दुकान पर ही काम करते थे। चारों मजदूर शहर में डाबरा मंदिर के पास सिलानी गेट पर ही रहते थे।

# एलजी बोले : दिल्ली में प्रदूषण के लिए आप जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को पत्र लिखा।

एलजी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में हवा की खराब स्थिति के लिए केजरीवाल सरकार जिम्मेदार है। केजरीवाल ने दिल्ली के वायु प्रदूषण को कभी गंभीरता से नहीं लिया। इसी सोच और रवैये के चलते हवा लगातार खराब होती चली गई।

वहीं, मंगलवार देर रात आप नेता सौरभ भारद्वाज ने एक्स पोस्ट में लिखा- एलजी महोदय, आपकी करतूतों की इतनी वीडियो और कागजात हैं, जिस दिन दिखाना शुरू करूंगा, मुंह छिपाने की जगह नहीं मिलेगी। बस सही समय का इंतजार है।



उन्होंने दावा किया कि प्रदूषण को लेकर एक बातचीत के दौरान केजरीवाल ने इस समस्या को हर साल होने वाली सामान्य बात बताया था। कहा था कि इस पर कुछ समय के लिए कार्यकर्ता और अदालतें शोर मचाती हैं और बाद में इसे भूल जाती हैं।

उन्नाव रेप केस

दिल्ली में मां के साथ पीड़िता धरने पर बैठी, आधी रात पुलिस ने जबरन उठाया

# उन्नाव रेप केस : पूर्व भाजपा विधायक सेंगर को जमानत

**उन्नाव।** उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। अदालत ने चार शर्तों के साथ कुलदीप सेंगर को रिहा करने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ रेप पीड़िता, उसकी मां और एक्टिविस्ट योगिता भयाना मंगलवार की शाम इंडिया गेट के सामने धरने पर बैठ गईं। आधी रात पुलिस इंडिया गेट पहुंच गई। पुलिस ने उन्हें वहां से हटने के लिए कहा। इस पर नोकझोंक और बहस हुई। आखिरकार तीनों को जबरन इंडिया गेट से हटा दिया गया।




महिला सिपाही पीड़िता और उसकी मां को उठाकर अपने साथ ले गई।

पुलिस तीनों को लेकर कहां गई है, इसका पता नहीं चल सका है। एक्टिविस्ट योगिता भयाना ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं। एक्स पर उन्होंने कहा- एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उच्चित है? उसकी यही गलती है कि न्याय की मांग कर रही है? ये कैसा न्याय है?

### पीड़िता बोली- उसके आदमी मार देंगे

रेप पीड़िता ने कहा- देश की बेटियां कैसे सुरक्षित रहेंगी, अगर रेप के आरोपियों को बरी कर दिया जाएगा। आज मैं हाईकोर्ट गई थी। आज जजमेंट था। मुझे उस जजमेंट को सुनकर बहुत दुख हुआ। लगा कि मैं सुसाइड कर लूं। मेरे दो मासूम बच्चे हैं, पति हैं, मेरा परिवार है, मेरा भाई है। इन सबके बारे में सोचकर लगा कि अगर मैं नहीं रहूंगी तो मेरा परिवार असुरक्षित हो जाएगा। मेरे परिवार के पास सुरक्षा भी नहीं है।

पहले मेरे चाचा की बेल खारिज हो गई। इसके बाद मेरे परिवार की, मेरे पैरोकरों की, मेरे जमानतियों की सुरक्षा हटवाई गई। इसके बाद सारी बहस हो गई। अब 3 महीने बाद जजमेंट आ रहा है। बहस होने के 2-3 दिन बाद जजमेंट होता तो सब कोई सुनता। उसको जमानत मिल गई है।

एक बेटी के साथ रेप होता है, उसके पिता को मार दिया जाता है। उसके परिवार को एक्सीडेंट कराया जाता है, मेरा एक्सीडेंट कराया जाता है। सबको खत्म कर दिया जाता है। मैं मौत से लड़कर बाहर आई हूं। सारा सेटलमेंट करके कुलदीप सेंगर को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मेरा परिवार ये सब कैसे सहेगा। वो मेरे परिवार के 5 किलोमीटर दूर रहेगा। उनके आदमी तो दूर नहीं हैं, वो तो मार देंगे आकर। उनके आदमी तो सारे बाहर हैं।

# संपादकीय

## महंगा होता जा रहा ट्रेन का सफर : सुविधाओं से अब भी वंचित यात्री

भारतीय रेलवे—जो देश की जीवनरेखा कही जाती है—आज भी करोड़ों लोगों के लिए सबसे सुलभ, भरोसेमंद और किफायती परिवहन साधन है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में यह भरोसा धीरे-धीरे सवालों के घेरे में आता दिख रहा है। किराया लगातार बढ़ रहा है, जबकि ज़मीनी स्तर पर यात्री सुविधाओं में अपेक्षित सुधार अब भी दूर की कौड़ी बना हुआ है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

21 दिसंबर 2025 को भारतीय रेलवे के रेल मंत्रालय ने 26 दिसंबर से यात्री किराए में एक और 'मामूली' बढ़ोतरी की घोषणा की। यह 2025 की दूसरी बढ़ोतरी है—पहली जुलाई में की गई थी। इस संशोधन से रेलवे को लगभग 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होने की उम्मीद है। लेकिन आम यात्री के लिए यह आंकड़ा राहत नहीं, बल्कि बढ़ते खर्च की याद दिलाने वाला है।

### किराया बढ़ा, बोझ भी

नई व्यवस्था के अनुसार, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से अधिक दूरी पर प्रति किलोमीटर 1 पैसा और मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी व एसी श्रेणियों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर अतिरिक्त वसूले जाएंगे। यानी 500 किलोमीटर की नॉन-एसी यात्रा पर करीब 10 रुपये ज़्यादा।

हालाँकि, सबअर्बन ट्रेनें, मंथली सीजन टिकट और 215 किमी तक की साधारण यात्रा को इससे बाहर रखा गया है—ताकि कम आय वर्ग पर सीधा असर न पड़े। रेलवे का तर्क है कि परिचालन लागत तेज़ी से बढ़ी है- 2024-25 में कुल खर्च 2.63 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया, जिसमें कर्मचारियों की सैलरी (1.15 लाख करोड़) और पेंशन (60 हजार करोड़) बड़ा हिस्सा हैं।

### लेकिन सुविधाएँ कहाँ हैं?

यहीं से असली सवाल शुरू होता है। जुलाई 2025 की बढ़ोतरी से रेलवे पहले ही करीब 700 करोड़ रुपये अतिरिक्त कमा चुका है, फिर भी यात्रियों की शिकायतें कम नहीं हुईं।

- ट्रेनें समय पर नहीं चलतीं
- कोचों में गंदगी और टूटे शौचालय
- खराब एसी
- ओवरक्राउडिंग
- और घटिया कैटरिंग

रेल मदद पोर्टल और 139 हेल्पलाइन पर रोज़ हज़ारों शिकायतें दर्ज होती हैं, लेकिन निपटारे की गुणवत्ता और गति पर सवाल जस के तस हैं। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें और वीडियो इस हकीकत को और उजागर करते हैं।

### प्रीमियम ट्रेनें : कीमत ज़्यादा, उम्मीदें भी

वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनों को आधुनिक भारत की पहचान के तौर पर पेश किया गया। ऑटोमैटिक डोर, बायो-वैक्यूम टॉयलेट, सीसीटीवी और बेहतर सीटें—सब कुछ है। लेकिन कई रूट्स पर देरी, भीड़ और कैटरिंग की शिकायतें यहाँ भी सामने आती हैं।

900 से 3350 रुपये तक का किराया मध्यम वर्ग के लिए इसे 'लग्ज़री' बना देता है, जबकि आम मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में हालात और बदतर हैं—जनरल कोच में खड़े होकर यात्रा, स्लीपर में चोरी का डर, और एसी कोच में भी तकनीकी खामियाँ।

### विकास बनाम यात्री सेवा

रेलवे यह कह सकता है कि नेटवर्क का विस्तार हुआ है, सुरक्षा पर निवेश बढ़ा है, त्योहारों में 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं और भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कार्गो रेल नेटवर्क बन चुका है।

लेकिन यात्री सेवा सुधार की रफ्तार धीमी है। बड़े स्टेशनों का आधुनिकीकरण हो रहा है, मगर छोटे और ग्रामीण स्टेशनों पर अब भी पानी, बैठने की जगह और स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

### यात्री क्या चाहते हैं?

**यात्रियों की मांग बहुत साधारण है—**

- किराया बढ़ाने से पहले सुविधाएँ बढ़ें
- सफाई, पंक्चुअलिटी और सुरक्षा पर ठोस काम हो
- कैटरिंग की गुणवत्ता सुधरे

अगर अतिरिक्त कमाई वाकई इन सुधारों में दिखे, तो यात्री ज़्यादा किराया देने से भी नहीं हिचकेंगे। लेकिन फिलहाल स्थिति यह है कि जेब ढीली हो रही है, और सुविधाएँ अब भी अधूरी हैं।

### निष्कर्ष

रेलवे को यात्री फीडबैक को औपचारिकता नहीं, नीति का आधार बनाना होगा। रेल मदद ऐप, क्यूआर-कोड शिकायत सिस्टम जैसे कदम तभी सफल होंगे, जब उनका असर ज़मीन पर दिखे।

मध्यम वर्ग और गरीब यात्रियों के लिए ट्रेन आज भी सबसे बड़ा सहारा है। इसलिए किराया और सुविधा के बीच संतुलन बनाना रेलवे की ज़िम्मेदारी है। उम्मीद यही है कि आने वाले समय में रेल यात्रा न सिर्फ सुरक्षित और सुलभ, बल्कि सच-मुच आरामदायक भी बने—तभी ट्रेन का सफर वास्तव में सुखद कहलाएगा।

बीएमसी चुनाव में साथ आ सकते हैं उद्धव और राज ठाकरे, कांग्रेस में 'एकला चलो' के सुर तेज




# भारत की पारंपरिक चिकित्सा की रोशनी में विश्व-स्वास्थ्य

-ललित गर्ग-



आज की दुनिया गहन और बहुआयामी स्वास्थ्य संकटों से गुजर रही है। एक ओर जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ, मानसिक तनाव, अवसाद, चिंता और असंतुलन तेजी से बढ़ रहे हैं, तो दूसरी ओर संक्रामक रोग, महामारी और पर्यावरणीय विषमताएँ मानव जीवन को निरंतर चुनौती दे रही हैं। इन परिस्थितियों के बीच यह स्पष्ट होता जा रहा है कि केवल आधुनिक एलोपैथिक चिकित्सा के सहारे वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं का संपूर्ण समाधान संभव नहीं है। यही कारण है कि विश्व समुदाय का ध्यान पुनः भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की ओर आकर्षित हो रहा है, जिनमें आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा जैसी पद्धतियाँ शामिल हैं। जिन्हें 'आयुष' के नाम से जाना जाता है; ये प्रणालियाँ समग्र स्वास्थ्य, प्राकृतिक उपचार और शरीर-मन संतुलन पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जिनमें आयुर्वेद सबसे प्राचीन और सुव्यवस्थित प्रणालियों में से एक है, जो अपने दार्शनिक आधार और विविध उपचार विधियों के लिए प्रसिद्ध है। इन चिकित्सा प्रणालियों का आधार केवल रोग का उपचार नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य की अवधारणा है।

आयुर्वेद शरीर के तीन दोषों (वात, पित्त, कफ) के संतुलन पर केंद्रित; आहार, जीवनशैली, जड़ी-बूटी और पंचकर्म (शुद्धिकरण) जैसी तकनीकों का उपयोग करती है। अष्टांग आयुर्वेद अर्थात कायचिकित्सा (आंतरिक चिकित्सा), शल्य (सर्जरी), कौमारभृत्य (बाल चिकित्सा), भूतविद्या (मनोविज्ञान), अगद तंत्र (विष विज्ञान), रसायन (जराचिकित्सा), वाजीकरण (प्रजनन) और शालक्य (नेत्र/कान/नाक) में विभाजित है। आयुर्वेद की ही भांति योग भी एक पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली है जो शारीरिक आसन (आसन), प्राणायाम (सांस लेने के व्यायाम), ध्यान (मेडिटेशन) और नैतिक सिद्धांतों के माध्यम से मन-शरीर के समन्वय पर केंद्रित है। इसी तरह प्राकृतिक चिकित्सा में मिट्टी, पानी, धूप और आहार जैसी प्राकृतिक तरीकों से शरीर की स्व-उपचार क्षमता को बढ़ावा देती है। यूनानी चिकित्सा प्रणाली भी भारत में प्रचलित है, यूनान से आई यह प्रणाली शरीर के चार हमर (रक्त, बलगम, पीला पित्त, काला पित्त) के संतुलन पर जोर देती है और पर्यावरण के प्रभाव को मानती है। सिद्ध चिकित्सा प्रणाली मुख्यत: दक्षिण भारत में प्रचलित है, जिसमें जड़ी-बूटियों और धातुओं से बनी दवाओं का उपयोग और योग व ध्यान पर जोर दिया जाता है। सोवा-रिग्पा पहाड़ों की चिकित्सा प्रणाली है, हिमालयी क्षेत्रों (जैसे लद्दाख, सिक्किम) में प्रचलित है, जिसे 'तिब्बती चिकित्सा' के रूप में भी जाना जाता है। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय राष्ट्रीय आयुष मिशन के माध्यम से इन प्रणालियों के विकास, अनुसंधान और मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में एकीकरण को बढ़ावा देता है। ये प्रणालियाँ प्राचीन भारतीय ज्ञान पर आधारित हैं और अब वैश्विक स्वास्थ्य मंच पर भी अपनी पहचान बना रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की इन पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने इसे केवल सांस्कृतिक धरोहर के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य की एक प्रभावी, सुलभ और टिकाऊ स्वास्थ्य व्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया है। उनके नेतृत्व में आयुष मंत्रालय की स्थापना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत, विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ पारंपरिक चिकित्सा को लेकर साझेदारी और वैश्विक सम्मेलनों का आयोजन इस दिशा में ठोस कदम हैं। हाल ही में नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा वैश्विक शिखर सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि भारत अब इस क्षेत्र में केवल सहभागी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री की ओमान यात्रा के दौरान आयुष और हर्बल उत्पादों के निर्यात में हुई वृद्धि इस परिवर्तनशील परिदृश्य को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। 61.1 मिलियन डॉलर से बढ़कर 65.1 मिलियन डॉलर तक पहुँचना केवल आर्थिक आँकड़ा नहीं है, बल्कि यह वैश्विक विश्वास का संकेत है। दुनिया के अनेक देश यह समझने लगे हैं कि भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियाँ न केवल सस्ती और सुलभ हैं, बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करती हैं। यह तथ्य और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब विश्व की लगभग एक चौथाई आबादी आर्थिक कारणों से बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। ऐसे में पारंपरिक चिकित्सा एक व्यवहारिक विकल्प के रूप में उभरती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज भी दुनिया के लगभग 170 देशों में 40 से 90 प्रतिशत आबादी किसी-न-किसी रूप में पारंपरिक चिकित्सा का उपयोग करती है। यह आँकड़ा इस धारणा को तोड़ता है कि पारंपरिक चिकित्सा केवल विकासशील देशों तक सीमित है। वास्तव में विकसित देशों में भी योग, आयुर्वेदिक उपचार, हर्बल औषधियाँ और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है। इसका एक बड़ा कारण आधुनिक चिकित्सा से जुड़े दुष्प्रभाव, अत्यधिक दवाओं पर निर्भरता और महँगी उपचार प्रक्रियाएँ हैं। एलोपैथिक चिकित्सा ने जहाँ त्वरित राहत और शल्य चिकित्सा में अद्भुत प्रगति की है, वहीं इसके साथ दवाओं के साइड इफेक्ट, एंटीबायोटिक प्रतिरोध और दीर्घकालिक जटिलताएँ भी जुड़ी हैं। इसके विपरीत भारतीय पारंपरिक चिकित्सा रोग की जड़ तक पहुँचने का प्रयास करती है। आयुर्वेद शरीर की प्रकृति, दोषों के संतुलन और जीवनशैली के सुधार पर बल देता है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मिक संतुलन का मार्ग है। इन पद्धतियों का उद्देश्य रोग को दबाना नहीं, बल्कि शरीर की स्वाभाविक उपचार क्षमता को जाग्रत करना है। यही कारण है कि इन्हें अपेक्षाकृत सुरक्षित, कम दुष्प्रभाव वाली और दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी माना जाता है।

पारंपरिक चिकित्सा के दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन में भारत ने इस दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से दुनिया के सामने रखा। ब्राज़ील, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, मेक्सिको, नेपाल, श्रीलंका सहित 16 देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकों ने यह स्पष्ट कर दिया कि पारंपरिक चिकित्सा अब कूटनीति और वैश्विक सहयोग का भी एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।


इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जारी किया गया 'आयुष मार्क' एक ऐतिहासिक पहल है, जो आयुष उत्पादों और सेवाओं के लिए गुणवत्ता का वैश्विक मानक स्थापित करेगा। इससे न केवल उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि भारतीय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता भी मजबूत होगी। हालाँकि यह भी सत्य है कि पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में कुछ चुनौतियाँ मौजूद हैं। गुणवत्ता नियंत्रण, मानकीकरण, वैज्ञानिक शोध और प्रमाणिकता के प्रश्न लंबे समय से उठते रहे हैं। कई बार अप्रमाणित दावे और मिलावटी उत्पाद इस पूरी प्रणाली की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा देते हैं। किंतु 'आयुष मार्क' जैसी पहलों और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देकर इन चुनौतियों से निपटा जा सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच सेतु बनाया जाए, ताकि दोनों की श्रेष्ठताओं का समन्वय हो सके।

आज जब वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा, लगभग 4.6 अरब लोग, पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं, तब भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियाँ आशा की किरण बन सकती हैं। ये प्रणालियाँ न केवल रोगों के उपचार में सहायक हैं, बल्कि रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संतुलित आहार, नियमित योगाभ्यास, प्राकृतिक औषधियों और मानसिक अनुशासन के माध्यम से अनेक बीमारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जा सकता है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण दूरदर्शी कहा जा सकता है। उन्होंने पारंपरिक चिकित्सा को अतीत की विरासत के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता के रूप में देखा है।

वैश्विक मंचों पर भारत की इस चिकित्सा परंपरा को स्थापित करने के उनके प्रयास यह संकेत देते हैं कि आने वाले वर्षों में विश्व स्वास्थ्य व्यवस्था में भारत की भूमिका और भी सशक्त होगी। जब आधुनिक चिकित्सा की सीमाएँ स्पष्ट हो रही हैं और विश्व एक समग्र, सुलभ और मानवीय स्वास्थ्य मॉडल की तलाश में है, तब भारतीय पारंपरिक चिकित्सा न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभर रही है। यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि और भविष्य की सबसे बड़ी संभावना है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3749




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हमेशा रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरण:



### काकुरो - 3748 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बार अध्यापक जी अपने एक छात्र सुनील के घर गए. सुनील ने अपने अध्यापक जी का स्वागत किया. अध्यापक जी को खीर खाने को दिया. अध्यापक जी जब खीर खा रहे थे तभी सुनील की मां वहां आयी. अध्यापक जी को खीर खाते देख वह हैरान होकर सुनील से पूछीं-बेटा, सुनील, तुमने यह खीर अध्यापक जी को खाने क्यों दिया? इसे तो रात बिल्ली चाट रही थी. यह सुनकर अध्यापक जी ने खीर का वह कटोरा फेंक दिया. सुनील फौरन अध्यापक जी से बोला-अध्यापक जी, आपने वह कटोरा क्यों फेंक दिया? अब मेरा कुत्ता किस कटोरे में खाएगा?

□ □ □

विज्ञान की कक्षा में शिक्षक कह रहा था, 'बच्चों, विज्ञान में बहुत शक्ति है पर इतनी नहीं कि एक जीव को दूसरे में बदल दे........'

'पर सर,' एक लड़के ने धीरे से उसकी बात काटी, 'वह शक्ति आप में तो है.'

'क्या बक रहा है तू?' शिक्षक बड़बड़ाया.

'सच ही तो कह रहा हूं-आप जब चाहते हैं, तब हमें मुर्गा बना देते हैं.'

□ □ □

बीवी ने मियाँ से पूछा, 'क्यों जी, ऐसी कौन-सी वस्तु है जो पुरुषों को पसंद है और महिलाओं को नहीं?'

मियाँ डरते-डरते, 'खामोशी.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3749



**बायें से दायें:-**

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लकी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२. फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3748

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ग | बा | न | | खु | | स | ल | मा |
| गी | | द | | आ | शी | वा | द | | लि |
| | स | ल | मा | न | | | मा | शू | क |
| खौ | फ | | या | | वा | दा | | ल | |
| | र | न | | पा | प | | भू | | प |
| का | | या | दे | | स | पू | त | | ग |
| म | नो | ज | | जीं | | र्णि | | छा | या |
| चो | | मा | चि | स | | मा | ला | | ध |
| र | वी | ना | | | ब्लै | | ड़ | | न |
| | रू | | न | म | क | ह | ला | ल | |

## सूडोकु -3749


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3748 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 3749



**बाएँ से दाएँ**

1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -3748 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | | ज | प | | त | न | | शा | न |
| प | त | न | | ल | त | | भ | ला | | शा |
| | वा | न | र | | म | ल | | ज | रा | |
| फि | | द | म | न | | क | द | | ज | न |
| दा | दा | | ल | क | वा | | म | स्त | | ख |
| | न | या | | ल | च | क | | र | थ | |
| रा | | क | ल | | क | ल | म | | ल | ब |
| ही | र | | हू | र | | ह | म | ल | | ल |
| | स | जा | | जा | ल | | ता | ड़ | ना | |
| य | | म | त | | ब | ध | | ना | का | रा |
| म | य | | ल | क्ष्य | | न | ल | | म | जा |

# अखलाक लिंचिंग : आरोपियों को बचाने वाली यूपी सरकार की याचिका खारिज

**कोर्ट बोला- केस चलता रहेगा, रोज सुनवाई होगी; 2015 में गोमांस के शक में मारा था**


**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के 10 साल पुराने अखलाक लिंचिंग केस में यूपी सरकार की याचिका को कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दिया है। नोएडा के सूरजपुर की कोर्ट में सरकार ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने की याचिका लगाई थी। कोर्ट ने कहा कि केस वापसी के लिए लगाई गई अर्जी में कोई ठोस कानूनी आधार नहीं है। आरोपियों के खिलाफ चल रही कानूनी न्यायिक प्रक्रिया चलती रहेगी। अगली सुनवाई 6 जनवरी, 2026 को होगी।

कोर्ट ने मामले में रोज सुनवाई की बात भी कही है। 2015 में गोमांस के शक में अखलाक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। यूपी सरकार के वकील ने इसी साल अक्टूबर में अखलाक लिंचिंग केस में कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि मुकदमा वापसी से सामाजिक सौहार्द बहाल होगा।

### गवाहों को सुरक्षा दी जाए

अभियोजन पक्ष को आगे गवाहों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने साथ ही पुलिस कमिश्नर और डीसीपी ग्रेटर नोएडा को निर्देश दिया कि अगर गवाहों को सुरक्षा की जरूरत है, तो उन्हें दी जाए। अखलाक के परिवार के वकील यूसुफ सैफी और अंदलीब नकवी ने बताया कि कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की याचिका को निरस्त कर दिया है।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीपीआईएम नेता वृंदा करात ने बताया कि सरकार की ओर से लगाई गई अर्जी आधारहीन थी। अदालत ने भी इस बात को माना और कहा कि हम आगे भी पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे। दरअसल, इसी साल अक्टूबर महीने में यूपी सरकार के वकील ने कोर्ट में दलील दी थी कि मुकदमा


अखलाक, मृतक

वापसी से सामाजिक सौहार्द बहाल होगा।

### 28 सितंबर, 2015 की रात बिसाहड़ा में क्या हुआ था

28 सितंबर, 2015 की रात गांव बिसाहड़ा में लोगों ने अखलाक के घर में गोमांस होने की बात फैला दी। लोग गुस्से में उसके घर पहुंचे। फ्रिज में मांस मिल भी गया।

उस वक्त लोगों में गुस्सा था। उन्होंने अखलाक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसके बेटे दानिश को घायल कर दिया। इस घटना के बाद पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे।

### 10 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर

इस मामले में अखलाक की पत्नी इकरामन ने 10 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि आरोपी लाठी-डंडे और तमंचे लेकर घर में घुस आए और हमला किया।

जांच के दौरान पुलिस ने बलवा, जानलेवा हमला, हत्या, गाली-गलौज, धमकाना, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और घर में जबरन घुसने की धाराओं में केस दर्ज किया था।

इस मामले के चश्मदीद गवाह अखलाक की पत्नी इकरामन, मां असगरी, बेटी शाहिस्ता और बेटे दानिश के बयान दर्ज हुए थे। शुरुआती बयानों में 10 आरोपियों का नाम आया था। बाद में गवाहों ने 16 नाम और लिए। उन्हें भी केस की जांच में जोड़ा गया।

अखलाक की बेटी शाहिस्ता के 26 नवंबर, 2015 के बयान में 16 आरोपियों का जिक्र किया गया। विवेचक ने 22 दिसंबर, 2015 को 18 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अभी सभी आरोपी जमानत पर हैं।

### मांस की दो अलग-अलग रिपोर्ट

अक्टूबर, 2015 में यूपी सरकार ने सैंपल की जांच कराई थी। तब इसे बकरी या बकरे का मांस बताया था।

30 मई, 2017 को मथुरा की फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट में मांस गोवंश का बताया गया था।

उस समय अखलाक की फैमिली ने मथुरा की लैब रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। स्टेटमेंट था कि घटना वाले दिन घर में किसी ने गाय का मांस नहीं खाया था।

ये मीट का टुकड़ा घर के बाहर जख्मी हालत में मिले अखलाक के नजदीक पड़ा मिला था। शुरुआती रिपोर्ट एक वेटनरी डॉक्टर ने तैयार की थी।

हालांकि, तब ये मटन जैसा लग रहा था। बाद में जांच के लिए इसे मथुरा फोरेंसिक लैब भेजा गया। इसी रिपोर्ट में इसे गाय का मांस बताया गया।

## शार्ट न्यूज

### नोएडा के सेक्टर-16 कार में आग लगी

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर-16 रेड लाइट के पास एक कार में आग लग गई। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। कार से धुआं निकलते ही चालक ने कार को साइड किया और झटपट कूद कर बाहर निकला। इस दौरान तेजी से आग फैली और पूरी कार जलकर राख हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दमकल विभाग का जानकारी दी। दमकल की दो गाड़ियों को भेजा गया। करीब 30 मिनट में आग पर काबू पाया गया। जिस समय कार में आग लगी वो सेक्टर-18 से सेक्टर-16 की ओर जा रही थी। मंगलवार होने की वजह से सड़क पर हैवी ट्रैफिक रहता है। हालांकि कार में आग लगते सिग्नल पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने यातायात को रोक दिया। जिसे थोड़ी देर में दोबारा से चालू किया। आग से कोई जनहानि नहीं है। हालांकि कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई । मौके पर टायर फटने की आवाज भी सुनी गई। ऐसा आग लगने की वजह से हुआ था।

### नोएडा में आईएसएसए शैक्षिक सम्मेलन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-126 स्थित लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल में आईएसएसए शैक्षिक सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन इंडिपेंडेंट सेल्फ-फाइनैंस्ड स्कूल्स एसोसिएशन के देखरेख में आयोजित किया गया। जिसका विषय था भविष्य के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाना, एनईपी युग में पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धतियों का रूपांतरण। सम्मेलन का उद्देश्य निजी स्कूलों, शैक्षिक विशेषज्ञों और सरकारी संस्थाओं के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश चतुर्वेदी, निदेशक (एफिलिएशन), सीबीएसई, नई दिल्ली व विशेष अतिथि प्रो. डॉ. मनु कपूर, प्रोफेसर, लर्निंग साइंसेज एंड हायर एजुकेशन, ईटीएच ज्यूरिख रहे। सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधन सदस्य हरकरन उप्पल के स्वागत भाषण से हुई। सत्र में जयप्रकाश चतुर्वेदी का की-नोट संबोधन रहा, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम सुधार, मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षण पद्धतियों में हो रहे परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### एनटीपीसी हरित हाइड्रोजन संयंत्र लगाएगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ग्रेटर नोएडा में एक टन प्रतिदिन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता वाला हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह परियोजना एनटीपीसी की अनुसंधान एवं विकास इकाई एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलॉजी रिसर्च अलायंस (एनईटीआरए) के माध्यम से स्थापित की जाएगी। एनईटीआरए ग्रेटर नोएडा स्थित अपने परिसर में प्लाज्मा गैसीकरण आधारित हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करेगी। यह संयंत्र प्रतिदिन एक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा। कंपनी ने कहा कि उन्नत प्लाज्मा गैसीकरण तकनीक अपशिष्ट को टार-मुक्त सिंथेटिक गैस में परिवर्तित करेगी, जिसे आगे पीएसए/मेम्ब्रेन तकनीक का उपयोग करके हाइड्रोजन उत्पादन के लिए प्रसंस्कृत किया जाएगा।विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एनटीपीसी देश की एक चौथाई बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति करती है और इसकी स्थापित क्षमता 85 गीगावाट से अधिक है।

### देश का सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा नोएडा

**नोएडा।** नोएडा मंगलवार को एक बार देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई 424 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 388 रहा। इस महीने में चार बार नोएडा देश का सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। नोएडा का एक्यूआई इस महीने में छह बार गंभीर श्रेणी में जा चुका है। नोएडा का एक्यूआई सोमवार के मुकाबले में मंगलवार को 60 अंक अधिक रहा। वहीं, ग्रेनो का एक्यूआई 56 अंक अधिक बढ़ा। जिले का सबसे वायु प्रदूषित स्थान सेक्टर-1 रहा। यहां का एक्यूआई 460 दर्ज किया गया। सभी स्थानों पर पीएम 2.5 का स्तर पीएम 10 के स्तर से अधिक था।मंगलवार को सुबह आठ बजे तक थोड़ा कोहरा था। इसके बाद धूप निकली। दिन में 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चली। इसके बावजूद दिन में वायु प्रदूषण कम नहीं हुआ। नोएडा का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले के मुकाबले तापमान दो डिग्री बढ़ा। अगले छह दिनों तक सुबह कोहरे का अनुमान है।

### योग-ध्यान को बढ़ावा देने के लिए समझौता

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म एंड मास कम्युनिकेशन के माध्यम से हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसका उद्देश्य योग, ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देना है। यह पहल समग्र शिक्षा और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के बीच मानसिक संतुलन, नैतिक नेतृत्व, सामाजिक जिम्मेदारी और आत्मिक विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। ध्यान और मूल्य-आधारित शिक्षा को शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, ताकि छात्र संतुलित और उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकें।इस दौरान हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर की ओर से रीजनल फेसीलिटेटर वेंकटेशन श्रीनिवासन और सुलभ मिश्रा उपस्थित रहे।

### डीएलएड प्रशिक्षु निपुण बच्चों का आकलन करेंगे

**नोएडा।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का निपुण आकलन 27 जनवरी से शुरू होगा। विभाग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह आकलन ऐप के माध्यम सेडीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा । आकलन का कार्य फरवरी के दूसरे सप्ताह तक पूरा होगा। निपुण आकलन में कक्षा एक और दो के बच्चों की भाषा और गणित की दक्षता का आकलन ऑनलाइन ऐप पर किया जाएगा। इसमें कक्षा एक के बच्चे 20 रुपये तक के नोट और सिक्कों की पहचान करेंगे, तो उनको निपुण माना जाएगा। वहीं, कक्षा दो में बच्चे 100 रुपये तक के नोट की पहचान करेंगे।इसी तरह भाषा में शब्दों की पहचान, मिलाकर शब्दों को पढ़ने का भी आकलन किया जाएगा। इसके माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के साथ सामाजिक समझ विकसित की जाएगी। इसके लिए ऐप में भी व्यवस्था की जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया है कि आकलन के बाद प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाए।

# सुपरनोवा प्रोजेक्ट की निगरानी के लिए समिति गठित होगी

**नया डेवलपर करेगा निर्माण, 497 की हो सकेगी रजिस्ट्री, सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

**नोएडा।** सेक्टर-94 में सुपरनोवा में बचे काम और फ्लैट एवं दुकानों की रजिस्ट्री अब हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में नोएडा प्राधिकरण को बिना बकाया लिए परियोजना के लिए कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने और रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए हैं। सुपरनोवा प्रोजेक्ट की निगरानी के लिए एक समिति गठित की गई है।

इसमें जस्टिस एमएम कुमार (पूर्व सीजेआई, जेएंडके हाइकोर्ट) अध्यक्ष, डॉक्टर अनूप कुमार मित्तल कंस्ट्रक्शन व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विशेषज्ञ और वित्तीय प्रबंधन विशेषज्ञ राजीव मेहरोत्रा को शामिल किया गया है। समिति ही अब बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की भूमिका निभाएगी।

### बिल्डर से जुड़ा कोई बिडर नहीं होगा शामिल

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि समिति प्रस्ताव आमंत्रित करने और उचित जांच-पड़ताल के बाद परियोजना के अधूरे काम को पूरा करने के लिए एक नए बिल्डर को नियुक्त करेगी। इसमें



समयबद्ध प्रस्ताव, ट्रैक रिकॉर्ड, अनुभव और ऐसे नए डेवलपर की वित्तीय व्यवहार्यता को ध्यान में रखा जाएगा।

पीठ ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में कारपोरेट देनदार या पूर्व प्रबंधन से जुड़े या संबंधित किसी भी डेवलपर/बिल्डर को प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी प्राप्तियां, बिना बिकी इन्वेंट्री और खरीदारों से प्राप्त नया संग्रह एक एस्क्रो खाते में जमा किया जाना चाहिए और इसका उपयोग केवल निर्माण उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

समिति विभिन्न हितधारकों, जैसे कि बैंकों का कंसोर्टियम, अन्य वित्तीय लेनदार, घर खरीदार और नोएडा प्राधिकरण जैसे अधिकारियों के साथ सलाह-मशविरा करके काम करेगी। हालांकि, यह साफ कर दिया कमेटी का फैसला सभी पक्षों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा।

वकील गोविंद ने कहा कि पीठ ने साफ कर दिया है कि वित्तीय लेनदारों को देय बकाया के भुगतान के संबंध में एक जीरो पीरियड होगा और परियोजना पूरा होने और आवासीय इकाइयों को घर खरीदारों को सौंपने तक इन संस्थाओं को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

### 3700 करोड़ से ज्यादा है बकाया

इस अवधि के दौरान, प्राधिकरण और वित्तीय लेनदार उन घर खरीदारों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई शुरू या जारी नहीं करेंगे, जिन्होंने अपने घर के लिए भुगतान किया है। सुपरनोवा में सबसे ऊंचा टावर एस्पायरा 72 मंजिल का बनना प्रस्तावित है, जिसमें 70 मंजिल तक निर्माण हो चुका है। इस परियोजना पर नोएडा प्राधिकरण के 30 सितंबर 2025 तक करीब 3751 करोड़ 60 लाख रुपए बकाया हैं।

### 1200 फ्लैट प्रस्तावित है

इस परियोजना में करीब 1200 फ्लैट बनने प्रस्तावित हैं। बाकी दुकानें और ऑफिस हैं। अभी तैयार 582 फ्लैट में से 497 फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो सकी है।

खास बात है कि यह परियोजना चार फेज में पूरी होनी थी, लेकिन अब तक पहले और दूसरे चरण का भी काम पूरा नहीं हो सका है।

# नोएडा पुलिस ने ठंड में जरूरतमंदों को दी राहत : कंबल बांटे

**बेघरों को रैन बसेरा पहुंचाया और अलाव का इंतजाम**



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की मदद के लिए एक विशेष पहल शुरू की है। पुलिस ने बेघर और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए, अलाव की व्यवस्था की और उन्हें रैन बसेरों तक पहुंचाया।

ग्रेटर नोएडा की ईकोटेक प्रथम थाना पुलिस ने ऐसे निराश्रित और बेसहारा लोगों की तलाश की, जो इस भीषण ठंड में खुले में थे। रात के समय चौराहों और झोपड़ियों में पहुंचकर पुलिसकर्मियों ने महिला, बुजुर्ग और दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता प्रदान की। पुलिस ने इन लोगों को कंबल वितरित किए और ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था भी की। यह मुहिम लोगों को सर्दी से बचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

नोएडा पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान बेघर लोगों को नजदीकी रैन बसेरों तक भी पहुंचाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इस ठंड में कोई भी व्यक्ति सर्दी से परेशान न हो। जो व्यक्ति निराश्रित हैं, उन्हें रैन बसेरों में भेजा जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जो लोग अकेले झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं या दिव्यांग हैं, नोएडा कमिश्नरेट पुलिस उनकी भी मदद कर रही है। ऐसे लोगों को कंबल पहुंचाए जा रहे हैं और उनके लिए अलाव का भी इंतजाम किया जा रहा है।

# नोएडा में 11वीं की स्टूडेंट ने सुसाइड किया

**स्कूल से लौटी घर, कमरा बंद कर मां की साड़ी से फंदा लगा लिया**

एजेंसी

**नोएडा।** सेक्टर-9 स्थित जेजे कॉलोनी में सोमवार शाम कक्षा 11 में पढ़ने वाली नाबालिग स्टूडेंट ने घर पर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। फेज-वन थाना पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। पुलिस सुसाइड के कारणों की जांच कर रही है।

### तीन लोग करते नौकरी

पुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला गोंडा के सेवकपुरवा गांव निवासी परिवार जेजे कॉलोनी में किराए पर रहता है। परिवार में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे लड़का-लड़की हैं। पति-पत्नी और बड़ा बेटा प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। बेटी गाजियाबाद के वसुंधरा स्थित एक स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ती थी।



### पड़ोसियों की मदद से खुला दरवाजा

सोमवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि एक किशोरी का शव फंदे पर लटका हुआ है। मौके पर पुलिस पहुंची तो पता चला कि किशोरी स्कूल से घर पहुंची। उसने अंदर से कुंडी लगाई और मां की साड़ी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। शाम को जब भाई पहुंचा तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला। पुलिस के मुताबिक परिजन ने सुसाइड का कोई कारण स्पष्ट नहीं बताया है। पुलिस प्रत्येक बिंदू पर जांच कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित किसान आदर्श इंटर कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कॉलेज के प्रबंधक सुबोध प्रधान और प्रधानाचार्य मनोज नागर ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सुबोध प्रधान ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें अनुशासन, टीम भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। प्रधानाचार्य मनोज नागर ने बताया कि प्रतियोगिता का समापन बुधवार को होगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस खेलकूद प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपना कौशल प्रदर्शित किया।

# नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का प्रदर्शन

**तीनों गेट को बंद किया, बोले-हमे सिर्फ छला गया, आज तक नहीं हुए काम**

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन मंच ने नोएडा प्राधिकरण का घेराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने प्राधिकरण का रिसेप्शन बंद कर दिया। इसके बाद गेट नंबर -2 और 3 को भी बंद कर दिया। जिससे रोजमर्रा के काम के लिए आए लोग प्राधिकरण के अंदर नहीं जा सके। किसानों ने कहा कि उनके साथ छल किया गया। बोर्ड में उनके मुद्दों को नहीं रखा गया।

किसानों ने कहा कि आबादी विनियमितिकरण के नाम पर उनकी आबादी को टारगेट करके नोटिस भेजे जा रहे हैं। सुल्तानपुर गांव में कई आबादी को नोटिस जारी किया गया है। अब तक गांवों के विकास के लिए क्या किया गया, इसके बारे में जानकारी तक नहीं दी गई।

किसानों ने कहा कि हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। समय दे दिया जाता है, कभी 15 दिन तो कभी एक महीना ये सिर्फ किसानों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। नतीजा अब तक नहीं निकला। किसान दोपहर 12 बजे इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। इसके



बाद उन्होंने प्राधिकरण के गेट को बंद कर दिया।

धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण किसानों को हल्के में लेने की भूल न करे। नोएडा प्राधिकरण से इस बार किसान अपना हक लेकर ही वापस जाएंगे। इस बार किसान आश्वासनों पर धरना खत्म नहीं करेगा। चाहे धरना कितना भी लम्बा क्यों ना चलाना पड़े, लेकिन किसान पीछे नहीं हटेंगे।

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से ही किसानों से बार-बार किए गए समझौते का पत्र जारी किया गया है।

इसमें साफ-साफ लिखा है की किसानों का नोएडा प्राधिकरण पर 5 प्रतिशत 10 प्रतिशत के भूखंड, साल 1976 से 1997 के बीच के किसान कोटे के प्लॉट ,आबादी का संपूर्ण निस्तारण जैसे लाभ नोएडा प्राधिकरण पर बकाया है। ये काम अब तक नहीं हो सके। ऐसे में यहां अनश्चित कालीन धरना दिया जाएगा।

# एनआईए ने अपने नेटवर्क और साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए टेक महिंद्रा के साथ मिलाया हाथ

**नोएडा।** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की तकनीक और सुरक्षा उनकी सबसे पहली प्राथमिकता है। इसलिए जेवर में बन रहे नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अपने नेटवर्क और साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए टेक महिंद्रा को अपना पार्टनर चुना है। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य हवाई अड्डे के संचालन के लिए एक उन्नत सुरक्षा और नेटवर्क पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। बता दे कि टेक महिंद्रा हवाई अड्डे के लिए एक एकीकृत नेटवर्क संचालन केंद्र और सुरक्षा संचालन केंद्र की स्थापना और संचालन करेगा। यह केंद्र हवाई अड्डे के महत्वपूर्ण आईटी बुनियादी ढांचे



जैसे एप्लिकेशन, डेटाबेस, नेटवर्क, सर्वर और स्टोरेज सिस्टम की चौबीस घंटे निगरानी करेगा।

टेक महिंद्रा के साहिल धवन ने कहा कि वे एयरपोर्ट के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर चौबीसों घंटे निगरानी और सुरक्षा प्रदान करेंगे। उन्होने कहा कि यह प्रणाली साइबर सुरक्षा घटनाओं का सक्रिय रूप से पता लगाने, विश्लेषण करने और उन पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम होगी। इसका लक्ष्य हवाई अड्डे की सभी प्रणालियों में उच्च उपलब्धता और परिचालन निरंतरता सुनिश्चित करना है।

## पैदल मार्च कर सुरक्षा की तैयारी परखी

**नोएडा।** शहर के सर्किल एक के एसीपी स्वतंत्र सिंह ने सोमवार रात को पुलिसबल के साथ सेक्टर-24 थानाक्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा की तैयारियों को परखा। उन्होंने थाना प्रभारी को संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों को बैरिकेडिंग लगाकर चेक करने और यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी उन्होंने निर्देश दिया। पुलिस अधिकारी द्वारा पीसीआर व पीआरवी वाहनों को लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रखने के लिए निर्देशित किया गया।

# करप्शन फ्री इंडिया ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**12वें स्थापना दिवस पर समाजसेवा का संकल्प लिया**

**जेवर।** करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित चूहड़पुर खादर गांव में अपना 12वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संगठन ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे सैकड़ों लोगों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में शिक्षा, पत्रकारिता और सामाजिक सेवा सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र और सम्मान प्रदान किए गए।

संगठन के संस्थापक प्रवीण भारतीय ने कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए कहा कि करप्शन फ्री इंडिया का उद्देश्य समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता और सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि संगठन पिछले 12 वर्षों से ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को लगातार प्रोत्साहित कर रहा है।

भारतीय ने जोर दिया कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से न केवल उनका मनोबल बढ़ता है, बल्कि यह दूसरों को भी समाज के लिए बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर देश के वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए ऐसे संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो निस्वार्थ भाव से सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक और पत्रकार मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन राष्टहित और समाजसेवा के संकल्प के साथ किया गया।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 24 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

# अयोध्या में 16 वर्षीय छात्र की गोली लगने से मौत

## अवैध असलहे से चली गोली, खेलते समय हादसा हुआ

अयोध्या। अयोध्या जनपद के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तिहरा माझा गांव में मंगलवार शाम 16 वर्षीय एक किशोर की गोली लगने से मौत हो गई। उसकी पहचान आलोक वर्मा उर्फ सन्नी पुत्र राम नरेश वर्मा के रूप में हुई है, जो कक्षा नौ का छात्र था। पुलिस ने इस मामले में अनीश यादव पुत्र अंगद यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

परिजनों के अनुसार, घटना शाम करीब चार बजे की है। आलोक गांव के कुछ युवकों के साथ खेल रहा था, तभी अचानक गोली चल गई, जो



उसके पेट में जा लगी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लि दशरथ मेडिकल कॉलेज अयोध्या लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रौनाही टोल प्लाजा के पास आलोक की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद उसे सोहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक की मां ने गांव के ही एक लड़के पर जान बुझकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अयोध्या कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला अवैध असलहे से गोली चलने का सामने आया है।

## भदोही में धान क्रय केंद्र बंद, किसान परेशान

**भदोही (संत रविदास नगर)।** भदोही के पिपरीस गांव में स्थित सरकारी धान क्रय केंद्र मंगलवार को बंद पाया गया। उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिला मंत्री ज्ञानप्रकाश प्रजापति ने इस पर कर्मचारियों की लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञानप्रकाश प्रजापति ने बताया कि कार्य दिवस पर पिपरीस क्रय केंद्र बंद मिला। संबंधित अधिकारियों से फोन पर संपर्क करने पर उन्हें बताया गया कि धान गोदाम में जगह नहीं होने के कारण धान की खरीद नहीं की जा रही है। प्रजापति ने यह भी बताया कि स्मार्ट सिटी राजकीय क्रय केंद्र का भी यही हाल है। वहां भी गोदाम भरा होने के कारण धान बेचने आ रहे किसानों को वापस लौटाया जा रहा है। किसान धान बेचने के लिए परेशान हैं।

## सड़क व फुटपाथ पर रहने वाले अनाथ व परित्यक्त लोगों के पुनर्वासन को लेकर टास्क फोर्स की बैठक



**पीलीभीत।** सड़क और फुटपाथ पर मिलने वाले अनाथ, परित्यक्त अथवा आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों व बच्चों के पुनर्वासन को लेकर गठित जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जनपद में सड़क व फुटपाथ पर रहने या मिलने वाले अनाथ, परित्यक्त और आपात स्थिति में रह रहे व्यक्तियों एवं बच्चों के पुनर्वासन के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह टास्क फोर्स समय-समय पर रेस्क्यू अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिन्हित करेगी और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उनका आश्रय व पुनर्वास सुनिश्चित करेगी। बताया गया कि रेस्क्यू अभियान तहसील और ब्लॉक स्तर पर भी चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों, बच्चों और महिलाओं को सहायता मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को भी इस संबंध में निर्देशित करें।

# शार्ट न्यूज

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में चिन्हित अभियोगो में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था । इसी क्रम में अभियुक्त भज्जू उर्फ राघवेन्द्र पुत्र हल्के उर्फ कोमल नि0 कस्बा व थाना बार जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना महरौनी में मु0अ0सं0 271/2019 धारा 376/363 भा0द0वि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था । जिसमे डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना महरौनी पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए 23.12.2025 को माननीय न्यायालय षष्ठ्म पाक्सो एक्ट, ललितपुर द्वारा अभियुक्त भज्जू उर्फ राघवेन्द्र उपरोक्त को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कारावास व 23 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

## आजमगढ़ में दोहरी रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ की शहर कोतवाली पुलिस ने जमीन की दोहरी रजिस्ट्री कर धोखाधड़ी किए जाने के मामले में घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित श्रीचंद पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि इतवारी राजभर ने अपनी जमीन तीन विश्वा 7 कड़ी की रजिस्ट्री वादी के पक्ष में की थी। जमीन की रजिस्ट्री करने के बाद जब पीड़ित जमीन पर कब्जा करने गया तो पता चला कि यह जमीन पूर्व में राधिका यादव के नाम रजिस्ट्री की जा चुकी है। जिसकी जानकारी पीड़ित को नहीं थी। ऐसे में इस मामले में पीड़ित ने कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। इसके साथ ही आरोपी की भी तलाश शुरू कर दी गई। इस मामले की विवेचना कर रहे कोतवाली के सब इंस्पेक्टर दल प्रताप सिंह आरोपी अतवारी राजभर की तलाश में जुट गए थे। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी मुबारकपुर थाना क्षेत्र के निकट है। कहीं फरार होने की तैयारी कर रहा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसको हिरासत में ले लिया। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है। जहां से जेल रवाना किया जाएगा।

## लखीमपुर में बस पलटी, 6 यात्री घायल

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी में मंगलवार को लखीमपुर-निघासन रोड पर एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। यह घटना शारदा नगर थाना क्षेत्र के मुरादनगर के पास हुई। बस लखीमपुर से ढखेरवा की ओर जा रही थी और इसमें लगभग 40 यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सामने से आ रही एक अन्य बस को ओवरटेक करते समय चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बस पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत यात्रियों को बस से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। शारदा नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। इस दुर्घटना में लगभग आधा दर्जन यात्री घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और उप जिलाधिकारी अश्वनी सिंह घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली और सभी घायलों को समुचित इलाज तथा हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## भाजपा नेता के मकान पर बुलडोजर चला

**आजमगढ़।** आजमगढ़ के हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय के सामने बने एक मकान पर जिले विकास प्राधिकरण की ओर से बुलडोजर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रही। जिस मकान पर एक्शन हुआ वह भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष और उसके चाचा का है। बुलडोजर चलने की सूचना मिलते ही आसपास क्षेत्र के लोग जुट गए। मामला चर्चा का विषय बन गया। बुलडोजर चलाए जाने के बाद दोनों मकानों के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिला प्रशासन को शिकायती पत्र भी दिया। कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ितों का कहना है कि एक दिन पूर्व देर रात में नोटिस लगाया गया और आज गिरा दिया गया। आज़मगढ़ जिले में संगीत महाविद्यालय गेट के सामने संबंधित मकान का निर्माण बिना नक्शा स्वीकृत कराए जाने का आरोप था। जिसे अवैध निर्माण की श्रेणी में रखा गया। बताया गया कि इस संबंध में 21 दिसंबर को एडीए की ओर से नोटिस जारी की गई थी। तय समय सीमा में निर्माण कार्य नहीं रोके जाने पर आज ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जिस मकान पर कार्रवाई हुई, वह भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजेश गौड़ का होना बताया गया। इस मामले में यह भी बताया गया कि बृजेश गौड़ ने महाविद्यालय के निर्माण के लिए जमीन के बदले जमीन का स्थानांतरण किया था।

## बस की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर के अटरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम नेशनल हाईवे 30 पर हुए एक भीषण सड़क हादसे में कोहराम मच गया। यहां जयपालपुर के पास एक बस और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। मोटरसाइकिल पर सवार तीनों युवक लखनऊ से सीतापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे अटरिया थाना क्षेत्र के जयपालपुर के समीप नेशनल हाईवे पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही बस ने तेज रफ्तार में बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में अमित पुत्र कैलाश नाथ, निवासी ग्राम लहूरिवान, थाना अटरिया तथा राहुल पुत्र सर्वेश, निवासी बजगहनी, थाना घुंगटेर, जिला बाराबंकी की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं बाइक पर सवार तीसरा युवक तनिस पुत्र गोविंद गुप्ता, निवासी ग्राम लहूरिवान, थाना अटरिया गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही अटरिया थाना प्रभारी राकेश गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# हत्या के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ललितपुर ।** नाराहट पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस द्वारा थाना नाराहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 227/2025 धारा 103(1) बीएनएस के वांछित अभियुक्त- रामअवतार पुत्र रामस्वरूप कुर्मी उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम बछरई थाना नाराहट जनपद ललितपुर को जंगल ग्राम कलौथरा थाना नाराहट से नियमानुसार गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है । वादी मुकदमा की तहरीर के आधार पर थाना नाराहट पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित की गयी थी । सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है । थाना नाराहट पुलिस द्वारा मृतक का पंचायतनामा भरकर पोस्ट मार्टम की कार्यवाही करायी गयी थी । घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी पाली के नेतृत्व में 04 पुलिस टीमें गठित की गयी थी, जिसमें थाना नाराहट पुलिस, अन्य थानो के चौकी प्रभारी व स्वाट/सर्विलांस टीम को भी लगाया गया था ।

## झांसी में अधेड़ पर सियार ने किया हमला

**झांसी।** झांसी में शौच के लिए रेलवे ट्रैक के पास पहुंचे अधेड़ पर सियार ने हमला कर दिया। नरभक्षी ने उसके दोनों हाथ जबड़े में दबाकर बुरी तरह जख्मी कर दिए। घायल ने जान बचाने के लिए सियार से लगभग 20 मिनट तक लड़ाई की। इसके बाद सियार का गला घोंटकर उसे मार डाला। सियार के हमले में घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां शुरूआती उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर दिया गया। घटना पूंछ थाना क्षेत्र की है। पूंछ थाना क्षेत्र के रहने वाले 40 साल के मोती लाल प्रजापति मोठ में मजदूरी का काम कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे वह झांसी-कानपुर रेल लाइन के किनारे शौच के लिए पहुंचे थे।

# पूरनपुर में बिजली कनेक्शन काटने को लेकर बवाल, वकील-बिजली कर्मी आमने-सामने

## एसडीओ कार्यालय पर हंगामा, कैशियर से मारपीट का आरोप, शहर की बिजली आपूर्ति ठप

**पीलीभीत।** पूरनपुर नगर में मंगलवार को बिजली कनेक्शन काटे जाने के विवाद ने तूल पकड़ लिया। एक अधिवक्ता का बिजली कनेक्शन काटे जाने को लेकर अधिवक्ता और बिजली विभाग के कर्मचारी आमने-सामने आ गए। मामला एसडीओ कार्यालय तक पहुंचा, जहां जमकर हंगामा हुआ। विवाद बढ़ने पर गुस्साए बिजली कर्मियों ने पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी, जिससे आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि सोमवार को बिजली विभाग की ओर से एक अधिवक्ता का बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। इसी बात को लेकर मंगलवार को कई अधिवक्ता बिजली उपकेंद्र पहुंचे और एसडीओ से मिलने की कोशिश की। लेकिन एसडीओ के कार्यालय में मौजूद न होने पर अधिवक्ताओं ने वहीं विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध के दौरान अधिवक्ताओं और बिजली कर्मियों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। बिजली विभाग के कैशियर ने आरोप लगाया है कि अधिवक्ताओं ने उसके साथ मारपीट की। इस घटना से आक्रोशित बिजली कर्मियों ने नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

बिजली आपूर्ति ठप होने और तनाव की स्थिति बनने के बाद मामला कोतवाली पहुंच गया। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे, जहां एसडीएम और सीओ ने हालात संभालते हुए दोनों पक्षों से बातचीत की।

कोतवाली पहुंचे कैशियर ने अधिवक्ताओं के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर भी दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों की बात सुनकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद नगर में कुछ समय तक तनाव का माहौल बना रहा।

# अपहृत किशोरी सकुशल बरामद, गंभीर धाराओं में दर्ज था मामला

## त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाबालिग का लगाया पता

विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में काल्पनिक नाम गंगा द्वारा महरुआ थाना अध्यक्ष को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया गया था,कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री जोकी स्कूल गई थी और घर वापस नहीं आई,नाबालिक लड़की केमाता द्वारा द्वारा महरुआ थाना अध्यक्ष को यह भी बताया गया था कि विपक्षी द्वारा भ्रमित कर बहला फुसला कर उसका अपहरण कर लिया गया है,जिसकी



काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर ने भारतीय न्याय संहिता की धारा मुकदमा अपराध संख्या 218/25 के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अपहृत किशोरी की खोज के लिए उपनिरीक्षक जिज्ञासु सोम के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गई और यह निर्देश दिया गया कि अतिशीघ्र नाबालिग किशोरी का पता लगाया जाय।महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर की कड़ी मेहनत के बाद अपहृति बालिका को बरामद कर लिया गया।

क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के कुशल दिशा निर्देशन तथा उनके स्वयं के पर्यवेक्षण में नाबालिक किशोरी को सकुसल बरामद कर लिया गया है,नाबालिक किशोरी का भारतीय न्याय संहिता की धारा 180 के तहत बयान दर्ज कराकर मेडिकल परीक्षण की कार्यवाही प्रचलित कर दी गई है। उक्त कार्रवाई हेतु नाबालिक किशोरी को वनस्टाफ सेंटर पर सकुशल रखा गया है। क्षेत्राधिकार भीटी ने नाबालिग किशोरी का पता लगाने के लिए उपनिरीक्षक जिज्ञासु सोम हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार महिला आरक्षी आशा यादव की प्रशंसा की है।

## दारू-मुर्गा पार्टी के लिए दोस्त को मारा

**अयोध्या।** अयोध्या पुलिस ने थाना पटरंगा क्षेत्र के मुरादाबाद गांव में हुई युवक की सनसनीखेज हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक की हत्या उसके ही दो दोस्तों ने की थी। पटरंगा पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू और खून से सने कपड़े बरामद कर लिए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि 20 दिसंबर को मुरादाबाद गांव में नहर की पटरी के किनारे एक अधजले अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। शव का सिर धड़ से अलग था। मौके से एक घड़ी, एक लाइटर और जले हुए कपड़े भी मिले थे। बाद में शव की पहचान खजूरी गांव निवासी तारिक के रूप में हुई। पुलिस जांच में पता चला कि तारिक को उसके दोस्त जमाल और अब्दुल बहाने से घर से बुलाकर ले गए थे। पूर्व में हुए एक एक्सीडेंट के बाद हुई पार्टी, यानी शराब और मुर्गा पार्टी में हिस्सेदारी को लेकर तीनों के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि आरोपी तारिक को लंगड़ा कहकर चिढ़ाते थे। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में आकर दोनों आरोपियों ने चाकू से तारिक की हत्या कर दी। इसके बाद पहचान छिपाने और सबूत मिटाने के लिए शव पर पुआल डालकर आग लगा दी गई।

# रेलवे क्लर्क ने पहचान छिपाकर युवती से किया रेप

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में एक युवक पर युवती को हिन्दू नाम बताकर दोस्ती करने और फिर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि पीड़िता ने अपनी तहरीर में बताया कि उसकी मुलाकात आरोपी विशाल उर्फ अदनान अंसारी से वर्ष 2019 में रेलवे स्टेशन के बाहर हुई थी। दोनों ने मोबाइल नंबर साझा किए और बातचीत शुरू कर दी। आरोपी युवक शहर के बाकरगंज के पास एक किराए के मकान में रहता था और 2019 से ही युवती के साथ रिलेशनशिप में था। इस दौरान, युवक प्रयागराज रेलवे में संविदा पर बुकिंग क्लर्क के पद पर कार्यरत हो गया। जब युवती को पता चला कि युवक की शादी कहीं और तय हो रही है, तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने मंगलवार को आरोपी युवक अदनान को शहर के लोधी गंज पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया जा चुका है।

# एसपी ने साइबर थाने का निरीक्षण कर अभिलेखों की जांच की

**ललितपुर।** एसपी ने मंगलवार को साइबर थाना का आकस्मिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा थाना साइबर क्राइम, ललितपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाना कार्यालय/साइबर हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये । सही रखरखाव नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया । साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के खातों से धोखाधड़ीपूर्वक निकाली गई धनराशि से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही जैसे बैंक खातों में डेविट फ्रीज कराना, बैंक व अन्य



वित्तीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी हुयी धनराशि को पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया जा सके ।

Frauded Amount को Lien करने के लिये अपनायी जाने वाली SOP के अनुसार वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जा सके । Lien Amount की प्रतिशतता में गुणोत्तर वृद्धि करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्दश दिये गये । POS(Point of Sale) के सम्बन्ध में MHA द्वारा निर्धारित की गयी SOP का अक्षरशः अनुपालन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । Mobile no/ IMEI Blocking/ Unblocking के सम्बन्ध में निर्धारित SOP का अनुपालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । Interim complaints व Reassign requests के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर निर्देशित किया गया कि इस प्रकार की शिकायतों का त्वरित रूप से संज्ञान लेकर सम्बन्धित पोर्टल पर आवश्यक डाटा का भरना/अपलोड् करना सुनिश्चित करें जिससे कि उक्त शिकायत का उचित व प्रभावी रूप से निस्तारण किया जाना सुनिश्चित हो सके। MHA द्वारा संचालित प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों/डिटेल्स का भौतिक रूप से सत्यापन करना सुनिश्चित करें जिससे कि जनपद के साइबर अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सके तथा साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके ।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं छात्राओं को किया जागरूक

**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने,



साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 – आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 – महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन टीम ने उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी।

अंत में स्पष्ट संदेश दिया गया कि, नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है। जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि हर महिला स्वयं को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त महसूस कर सके।

## लखनऊ में बैंक कर्मचारियों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** लखनऊ में बैंक कर्मचारियों ने फाइव डे वीक की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले हजरतगंज स्थित इंडियन बैंक की शाखा के सामने जमकर नारेबाजी की। एनसीबीई महामंत्री डीके सिंह ने कहा- बैंककर्मियों पर बढ़ते हुए तनाव और दबाव के चलते पांच दिवसीय बैंकिंग लागू होनी चाहिए। उन्होंने कहा- ऐसा न होने पर बैंक कर्मी लंबे संघर्ष और हडताल के लिए तैयार हैं। हम लोग अपनी मांगों को लेकर लगातार जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं।

# नैशनल हाईवे किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस द्वारा अनधिकृत रूप से खड़े 19 वाहनों का किया चालान, ट्रक चालकों को समझाया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से नेशनल हाइवे-44 और प्रमुख स्टेट हाइवे पर अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ चलाया गया



अभियान और चालकों/परिचालकों को सड़क के किनारे वाहन न पार्क करने के लिए जागरूक किया गया तथा अनाधिकृत से खड़े पाए जाने पर 19 वाहनों का चालान किया गया। उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, क्षमता से अधिक सवारी, के खिलाफ अभियान चलाया गया और आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बिनाका गीतमाला का केंद्र रही श्रीलंका रेडियो सेवा के 100 वर्ष पूरे

**कोलंबो, एजेंसी।** हिंदी फिल्म संगीत को बिनाका गीतमाला जैसे अनूठे साप्ताहिक कार्यक्रम के जरिये लोकप्रिय बनाने वाली श्रीलंका की रेडियो सेवा ने इस हफ्ते अपने 100 वर्ष पूरे कर लिए। श्रीलंका की यह रेडियो सेवा पूरे भारत में कभी रेडियो सीलोन के नाम से लोकप्रिय थी। श्रीलंका की रेडियो सेवा आधिकारिक तौर पर 16 दिसंबर, 1925 को शुरू की गई थी। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, यह एशिया का पहला व्यावसायिक शॉर्ट-वेव स्टेशन था। हांगकांग में बदमाशों ने चाकू की नोक पर 6.4 अरब डॉलर लूटे हांगकांग, एजेंसी। हांगकांग में चाकू की नोक पर 6.4 अरब डॉलर की लूट मामले में चीन के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना शुंग वान क्षेत्र में मनी एक्सचेंज शॉप में हुई। उस समय दो कर्मचारियों से तीन बदमाशों ने चाकू की नोक पर रुपयों से भरे चार सूटकेस लूट लिए। कर्मचारी यह राशि बैंक में जमा कराने जा रहे थे। पुलिस को संदिग्धों का फरार वाहन मिल गया है। लूट में कुल चार लोग शामिल थे। हालांकि, केवल 43 वर्षीय एक शख्स ही पकड़ा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### नेपाल में विश्व ध्यान दिवस पर विशेष कक्षाएं, 50 हजार लोगों ने किया ध्यान



**काठमांडो, एजेंसी।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर रविवार को नेपाल में विशेष कक्षाएं आयोजित की गईं। आर्ट ऑफ लिविंग की नेपाल इकाई की तरफ से देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों ने ध्यान अभ्यास किया। संयुक्त राष्ट्र की तरफ से घोषित विश्व ध्यान दिवस हर वर्ष 21 दिसंबर को विश्वभर में मनाया जाता है। इस बार दूसरा विश्व ध्यान दिवस था। आर्ट ऑफ लिविंग नेपाल के अनुसार, देश के विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों, शैक्षिक संस्थानों, सरकारी व निजी कार्यालयों, पुलिस, नेपाली सेना की इकाइयों तथा सामुदायिक केंद्रों में ध्यान सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा, एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने सात दिवसीय विशेष ध्यान अभ्यास पूरा किया। आयोजकों के अनुसार, सभी सत्र प्रशिक्षित शिक्षकों व स्वयंसेवकों के सहयोग से संचालित किए गए। मुख्य कार्यक्रम काठमांडो के शंखमूल स्थित आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सुधा शर्मा ने बदलती जीवनशैली, तनाव, चिंता व अवसाद के कारण मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि होने की बात कही। उन्होंने इन समस्याओं की रोकथाम और प्रबंधन में ध्यान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

### पाकिस्तान को मिला तुर्किये की चापलूसी का इनाम, नौसेना में शामिल हुआ युद्धपोत पीएनएस खैबर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी नौसेना को तुर्किये की चापलूसी का इनाम मिला है। तुर्किये में बनाया गया दूसरा एमआईएलजीईएम श्रेणी का जहाज रविवार को इस्लामाबाद को मिल गया है। यह जहाज दोनों देशों के बीच तकनीक हस्तांतरण समझौते क तहत बनाया गया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने एक बयान में कहा, इस्तांबुल नेवल शिपयार्ड में आयोजित एक समारोह में पीएनएस खैबर को कमीशन किया गया। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईब एर्दोआन और पाकिस्तान की नौसेना के प्रमुख एडमिरल नवीद अशरइस समारोह में मौजूद थे। बयान में दावा किया गया कि पीएन एमआईएलजीएम जहाज आधुनिक तकनीक वाले सतह युद्धपोत हैं। ये जहाज नवीनतम कमान एवं नियंत्रण प्रणाली से लैस हैं, जिन्हें आधुनिक हथियारों और सेंसर्स के साथ जोड़ा गया है।

# मुनीर बोले- भारत से जंग में अल्लाह की मदद मिली:नहीं तो हालात बिगड़ जाते

## मई में भारत ने 11 पाकिस्तानी एयरबेस तबाह किए थे



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष में अल्लाह की मदद मिलने का दावा किया। उन्होंने कहा कि हमने इसे महसूस किया?, जिसकी वजह से हालात पूरी तरह बिगड़ने से बच गए। मुनीर ने यह बयान 10 दिसंबर को इस्लामाबाद में हुई नेशनल उलेमा कॉन्फ्रेंस में दिया। उनके भाषण के वीडियो क्लिप रविवार को लोकल टीवी चैनलों पर दिखाए गए।

भारत ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच चार दिन तक भारी गोलीबारी और सैन्य टकराव हुआ, जो 10 मई को समझौते के बाद रुका। संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस तबाह कर दिए थे।

**मुनीर बोले- इस्लामी देशों में पाकिस्तान का खास दर्जा-** अपने भाषण में मुनीर ने धार्मिक बातों पर जोर देते हुए पाकिस्तान की तुलना 1400 साल पहले पैगंबर मोहम्मद द्वारा स्थापित इस्लामी राज्य से की। उन्होंने कुरान की आयतें पढ़ीं और कहा कि इस्लामी दुनिया में पाकिस्तान को खास दर्जा मिला है। मुनीर ने कहा कि दुनिया में 57 इस्लामी देश हैं, लेकिन अल्लाह ने पाकिस्तान को हरमैन शरीफैन यानी मक्का और मदीना की हिफाजत का सम्मान दिया है।

**कहा- अफगानिस्तान टीटीपी और पाकिस्तान में से एक को चुने-** मुनीर ने पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा हालात पर भी बात की और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा कि वह पाकिस्तान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) में से किसी एक को चुने। मुनीर का आरोप है कि पाकिस्तान में घुसपैठ करने वाले ञ्ञक्क के आतंकियों में करीब 70% अफगान हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पाक नागरिकों के खून के लिए अफगानिस्तान जिम्मेदार नहीं है। मुनीर ने यह भी कहा कि किसी इस्लामी देश में जिहाद का ऐलान करने का अधिकार सिर्फ उस देश को होता है। बिना सरकार की इजाजत कोई फतवा जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की ज्यादातर आंतरिक समस्याओं के लिए अफगानिस्तान से आए हुए लोग जिम्मेदार हैं।

**आसिम मुनीर पहले भी कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं-** आसिम मुनीर पहले भी कई बार कट्टरपंथी बयान दे चुके हैं। उन्होंने इसी साल अप्रैल में कहा था कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंदुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं।

इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा था- आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ीं। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई।

**4 दिसंबर को सीडीएफ नियुक्त हुए पाकिस्तान सरकार ने 4 दिसंबर को** आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया था। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एकसाथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था।

पाकिस्तानी संसद ने 12 नवंबर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत मुनीर को सीडीएफ बनाया गया। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल गई यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन गए हैं। दरअसल 29 नवंबर 2022 को जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनका मूल कार्यकाल तीन साल का था, यानी 28 नवंबर 2025 को खत्म हो गया।

## इंडोनेशिया में बस एक्सीडेंट में 15 लोगों की मौत, 34 लोग सवार थे



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के जावा आइलैंड पर आधी रात के बाद एक पैसेंजर बस हादसे का शिकार हो गई, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बस में कुल 34 लोग सवार थे। ड्राइवर टोल रोड पर बस से कंट्रोल खो बैठा, जिसके बाद बस एक कंक्रीट की दीवार से टकराई, फिर पलटकर सड़क किनारे गिर गई।

रेस्क्यू एजेंसी के प्रमुख बुडियोनों ने बताया कि यह इंटर स्टेट बस राजधानी जकार्ता से देश के ऐतिहासिक शहर योग्या जा रही थी। हादसा होते ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

**10 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ा-** पुलिस ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बस राजधानी जकार्ता से प्राचीन शाही शहर योग्यकार्ता जा रही थी। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुडियोनो ने कहा, 'तेज टक्कर से कई यात्री बाहर गिर गए और बस की बॉडी में फंस गए।

' पुलिस और बचाव दल दुर्घटना के लगभग 40 मिनट बाद पहुंचे और घटनास्थल पर मारे गए छह यात्रियों के शव बरामद किए। बुडियोनो ने बताया कि अन्य 10 लोगों की अस्पताल ले जाते समय या इलाज के दौरान मौत हो गई।

**घायलों में से कई की हालत गंभीर-** हादसे में 18 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है और 13 अन्य लोग भी गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दिखाया गया कि पीली बस अपने किनारे पर पलटी हुई थी और नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी के कर्मियों, पुलिस और राहगीरों से घिरी हुई थी, जबकि एम्बुलेंस पीड़ितों और मृतकों को ले जा रही थी।

## दक्षिण अफ्रीका में शराबखाने के पास मास शूटिंग, 10 की मौत, 10 घायल



**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हमले का मकसद फिलहाल स्पष्ट नहीं है। गौतेंग प्रांत की पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर ब्रेंडा मुरीडिली ने बताया कि कुछ पीड़ितों को सड़कों पर अचानक गोली मारी गई। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। यह गोलीबारी बेकर्सडाल के एक शराबखाने के पास हुई। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश जारी है।

यह इस महीने दक्षिण अफ्रीका में दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। इससे पहले 6 दिसंबर को राजधानी प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में हुई फायरिंग में 12 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक तीन साल का बच्चा भी शामिल था। पुलिस के मुताबिक, उस हॉस्टल में अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। 6.3 करोड़ की आबादी वाले दक्षिण अफ्रीका में अपराध की दर बेहद अधिक है और यह दुनिया के उन देशों में शामिल है, जहां हत्या की दर सबसे ज्यादा है।

## भूकंप से हिला तिब्बत, 3.5 मापी गई तीव्रता

**ल्हासा , एजेंसी।** राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को तिब्बत में 3.5 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए बताया कि भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर भारतीय समयानुसार रात 8:29 बजे आया। 'भूकंप की तीव्रताः 3.5, दिनांकः 21/12/2025, भारतीय समयानुसार रात 8:29:27 बजे, अक्षांशः 28.51 उत्तर, देशांतरः 87.57 पूर्व, गहराईः 10 किमी, स्थानः तिब्बत। इससे पहले 5 दिसंबर को तिब्बत में 3.0 तीव्रता का भूकंप आया था। बता दें कि उथले भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं। इसका कारण यह है कि उथले भूकंपों से उत्पन्न भूकंपीय तरंगों को सतह तक पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ती है, जिसके परिणामस्वरूप जमीन में अधिक कंपन होता है और इमारतों को अधिक नुकसान और अधिक जानमाल का नुकसान होने की संभावना रहती है। तिब्बती पठार विवर्तनिक प्लेटों के टकराव के कारण अपनी भूकंपीय गतिविधि के लिए जाना जाता है।

**नाइजीरिया में अगवा किए गए 130 स्कूली बच्चे और स्टाफ सुरक्षित रिहा : अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया में पिछले महीने अगवा किए गए 130 स्कूली बच्चों और स्कूल स्टाफ को सुरक्षित रिहा कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को इसकी पुष्टि की। 21 नवंबर को हथियारबंद लोगों ने नाइजर राज्य के सेंट मैरी कैथोलिक स्कूल पर हमला कर कम से कम 303 बच्चों और 12 शिक्षकों का अपहरण कर लिया था। घटना के कुछ घंटों बाद 50 बच्चे भागने में सफल रहे थे, जबकि इस महीने की शुरुआत में 100 बच्चों को रिहा किया गया था। पुलिस के अनुसार, अब बाकी बचे सभी 130 पीड़ितों को भी छोड़ दिया गया है। इनमें स्कूल का स्टाफ भी शामिल है। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि बच्चों को सोमवार को राज्य की राजधानी मिना लाया जाएगा, जहां वे क्रिसमस से पहले अपने परिवारों से मिल सकेंगे। सरकार ने कहा कि यह रिहाई सेना और खुफिया एजेंसियों की संयुक्त कार्रवाई के बाद संभव हुई। हालांकि, अब भी कुछ बच्चों और शिक्षकों की स्थिति को लेकर पूरी जानकारी साझा नहीं की गई है।

**फिलीपींस ने चीनी आयात पर ब्रेक बढ़ाया, 2026 तक रहेगा प्रतिबंध : मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस सरकार ने चीनी आयात पर लगे प्रतिबंध को दिसंबर 2026 तक बढ़ाने का फैसला किया है। देश के कृषि विभाग ने कहा कि घरेलू चीनी उत्पादन में सुधार और बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए आयात पर रोक को और लंबी अवधि के लिए जारी रखना जरूरी है। कृषि मंत्री फ्रांसिस्को तिउ लॉरेल ने कहा,चीनी उत्पादन और मांग के मौजूदा आकलन के आधार पर, पहले सुझाई गई अवधि से ज्यादा लंबे आयात प्रतिबंध की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि देश में कच्ची चीनी का घरेलू उत्पादन मजबूत हुआ है, इसलिए सरकार की प्राथमिकता स्थानीय चीनी को बढ़ावा देना और बाजार को स्थिर बनाए रखना है। बतौर शुगर बोर्ड के अध्यक्ष, तिउ लॉरेल ने कहा कि शुगर रेगुलेटरी एडमिनिस्ट्रेशन अब रिफाइनरियों की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखेगा, ताकि स्टैंडर्ड और प्रीमियम रिफाइंड शुगर के भंडार की सटीक जानकारी बनी रहे। इस बीच, फिलीपींस सांख्यिकी प्राधिकरण ने 9 दिसंबर को जारी आंकड़ों में बताया कि अक्टूबर महीने में देश का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत हुआ है। उत्पादन मूल्य सूचकांक में सालाना आधार पर 1.7त्न की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं उत्पादन मात्रा सूचकांक भी बढ़कर 1.4 प्रतिशत हो गया। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा योगदान कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादों के निर्माण से आया, जिसमें 16.8त्न की तेज वृद्धि दर्ज हुई।

# इस्राइली सेना ने गाजा युद्धविराम का उल्लंघन करने वाले आतंकवादियों पर बरसाई गोलियां

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि रविवार सुबह उत्तरी गाजा पट्टी में तैनात यरुशलम ब्रिगेड की लड़ाकू टीम के जवानों ने येलो लाइन के पास जमा हुए कुछ संदिग्धों की पहचान की और उन्हें तितर-बितर करने के लिए गोलियां चलाईं। गोलियां चलाने के बाद, तीन आतंकवादी येलो लाइन पार कर गए और बलों की ओर इस तरह बढ़े, जिससे उन्हें तत्काल खतरा पैदा हो गया। इसके अलावा उत्तरी गाजा पट्टी में दो अन्य घटनाओं में, इस्राइली बलों ने येलो लाइन पार करने वाले दो आतंकवादियों की पहचान की और इस तरह बढ़े जिससे उन्हें खतरा पैदा हो गया। तीनों घटनाओं में बलों के निर्देश पर इस्राइली वायु सेना ने खतरे को खत्म करने के लिए आतंकवादियों पर हमला किया। आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि आतंकवादी मारे गए या घायल हुए। येलो लाइन उन क्षेत्रों को चिह्नित करती है जहांइस्राइली बल गाजा युद्धविराम समझौते के तहत कार्रवाई जारी रखे हुए हैंः इज़राइल इस रेखा के पूर्व, उत्तर और दक्षिण में सभी क्षेत्रों को नियंत्रित करता है और हमास और अन्य आतंकवादियों को इसे पार करने की मनाही है। नेपाल हवाई अड्डे पर दो भारतीयों को नशीले पदार्थों के साथ पकड़ा नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मादक पदार्थों की तस्करी के सिलसिले में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक रणजीत सिंह (33) को हवाई अड्डे के आगमन क्षेत्र में 4.284 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि सिंह बैंकॉक से थाई एयरवेज की फ्लाइट से नशीले पदार्थ लेकर आया था, तभी हवाई अड्डे की सुरक्षा और सीमा शुल्क कार्यालयों के पुलिस के एक संयुक्त दल ने सुरक्षा जांच के दौरान उसे रोककर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि एक अन्य भारतीय नागरिक पुनीत शर्मा (33) को भी हवाई अड्डे के पार्किंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जब वह प्रतिबंधित सामान लेने के लिए वहां पहुंचा था। दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो को सौंप दिया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया के बीच पर हमला करने वाले बाप-बेटे ने सीक्रेट जगह ट्रेनिंग ली थी



**डरबन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर 14 दिसंबर को हुए आतंकी हमले के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। कोर्ट में पेश किए गए दस्तावेजों के मुताबिक, इस हमले के आरोपी बाप-बेटे ने एक गांव के सीक्रेट इलाके में बंदूक चलाने की ट्रेनिंग ली थी।

दस्तावेज में बताया गया है कि 50 साल के साजिद अकरम और उनके 24 साल के बेटे नवीद अकरम का एक वीडियो मिला है। इस वीडियो में दोनों राइफल और शॉटगन पकड़े हुए नजर आते हैं और ऐसे तरीके से चलते दिखते हैं जैसे किसी खास तरह की ट्रेनिंग ले रहे हों। कोर्ट के मुताबिक, दोनों वीडियो में गोली चलाते और रणनीति के साथ आगे बढ़ते दिखते हैं।

बॉन्डी बीच पर उस समय हमला हुआ था जब वहां यहूदी परिवार हनुक्का का त्योहार मना रहे थे। तभी अचानक गोलीबारी शुरू हो गई, जिसमें 15 लोगों की जान चली गई। पुलिस ने मौके पर ही साजिद अकरम को मार गिराया था। उनके बेटे नवीद को गिरफ्तार कर लिया गया और अब उस पर आतंकवाद का मामला, 15 लोगों की हत्या और 40 लोगों की हत्या की कोशिश के आरोप लगे हैं। कोर्ट के कागजों में यह भी कहा गया है कि गोली चलाने से ठीक पहले पिता और बेटे ने भीड़ की ओर चार देसी बम फेंके थे, लेकिन किस्मत से वे फटे नहीं। इनमें तीन पाइप बम और एक टेनिस बॉल में रखा बम बताया गया है। जांच में सामने आया है कि ये सभी बम फट सकते थे। इसके अलावा, जिस गाड़ी से वे हमले के लिए आए थे उसकी डिक्की में एक और संदिग्ध बम रखा हुआ था। जांच एजेंसियों को कुछ वीडियो भी मिले हैं, जिन्हें दोनों ने खुद रिकॉर्ड किया था। इन वीडियो में वे धार्मिक कट्टर सोच से जुड़ी बातें करते दिखते हैं। एक वीडियो में वे इस्लामिक स्टेट के झंडे की तस्वीर के सामने खड़े होकर बयान देते हैं और अपने हमले को सही ठहराने की कोशिश करते नजर आते हैं। कोर्ट का कहना है कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि पिता और बेटे ने इस आतंकी हमले की कई महीनों तक बहुत सोच-समझकर योजना बनाई थी। उन्होंने पहले ट्रेनिंग ली, हथियार और बम जुटाए और फिर मौका देखकर इस हमले को अंजाम दिया।

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रम्प की फोटो फिर अपलोड:इसमें मेलानिया ट्रम्प की भी तस्वीर

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका की राजनीति में एपस्टीन फाइल्स के जारी होने के बाद हंगामा मचा हुआ है। देश की नामी गिरामी हस्तियों के नाम इसमें सामने आए हैं। बिल क्लिंटन के बाद डोनाल्ड ट्रंप का नाम भी इसमें नजर आया था। हालांकि, ट्रंप से जुड़ी एक तस्वीर को हटा दिया गया था लेकिन भारी विरोध के बाद अमेरिकी न्याय विभाग ने एक बार फिर से इन तस्वीरों को बहाल कर दिया है और इसके साथ ही तस्वीर हटाने की वजह भी बताई है। न्यूयॉर्क के सरकारी वकीलों ने पहले इस तस्वीर पर आपत्ति जताई थी, क्योंकि इससे पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा हो सकता था। इसलिए एहतियात के तौर पर इस तस्वीर समेत कुल 16 फाइलों को कल वेबसाइट से हटा दिया गया था। जांच के बाद ऐसा कोई खतरा नहीं मिला, इसलिए फोटो को बिना किसी बदलाव के दोबारा जारी कर दिया गया। न्याय विभाग की तरफ से कहा गया कि न्यूयॉर्क के साउदर्न डिस्ट्रिक्ट ने पीड़ितों की पहचान की सुरक्षा को देखते हुए इस तस्वीर को अस्थाई रूप से हटा दिया गया था। हालांकि, सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया के बाद इसे दोबारा अपलोड कर दिया गया। जारी की गई तस्वीर में एपस्टीन के किसी पीड़ित को साथ नहीं दिखाया गया है। एक तस्वीर में ट्रंप के साथ कुछ महिलाएं खड़ी दिखाई दे रही हैं। वहीं दूसरी ओर एक और तस्वीर में ट्रंप अपनी पत्नी मेलेनिया और जेफ्री एपस्टीन और उसकी गर्लफ्रेंड दिखाई दे रही है।



**न्याय विभाग ने क्या कहा-** इस तस्वीर को जारी करने के साथ न्याय विभाग ने कहा, 'न्यूयॉर्क के साउदर्न डिस्ट्रिक्ट ने पीड़ितों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की एक तस्वीर को संभावित आगे की कार्रवाई के लिए चिह्नित किया था। इसी समीक्षा के बाद विभाग ने उस तस्वीर को हटा दिया था, लेकिन फिर बाद में यह पाया गया कि इसमें एपस्टीन की कोई पीड़िता नहीं है, इसके बाद इसे जारी किया गया।

**विपक्ष बोला- सरकार ट्रम्प को बचाने की कोशिश कर रही** तस्वीर हटाने के बाद डेमोक्रेट नेताओं ने आरोप लगाए कि सरकार ट्रम्प को बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने साफ कहा कि इसका ट्रम्प से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के अधिकारों से जुड़े समूहों ने फोटो हटाने को कहा था, ताकि सही जांच हो सके। जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा है कि वह पूरी पारदर्शिता रखता है और सिर्फ वही जानकारी हटाता है जो कानून के मुताबिक जरूरी हो। डिपार्टमेंट को पीड़ितों, नाबालिगों और संवेदनशील जानकारी की पहचान छिपानी होती है। छ्वह्ल्छ्व ने यह भी साफ किया कि किसी बड़े या राजनीतिक व्यक्ति को बचाने के लिए कोई जानकारी नहीं हटाई जाएगी। डीओजे के पास कुछ ऐसे लोगों ने अपील दर्ज की है, जो खुद को पीड़ित बताते हैं और कुछ जानकारी हटाने की मांग करते हैं। ऐसे मामलों में कंटेंट को अस्थायी तौर पर हटाकर जांच की जाती है और जरूरत पड़ने पर सही बदलाव के साथ फिर जारी किया जाता है।

**वकील बोलीं- पीड़ितों की पहचान सही तरीके से नहीं छिपाई गई-** पीड़ितों की वकील ग्लोरिया ऑलरेड ने कहा कि कुछ दस्तावेजों में पीड़ितों के नाम और तस्वीरें ठीक से नहीं छिपाई गईं, जो गलत है। उन्होंने कहा कि इससे पीड़ितों को फिर से दुख पहुंचा है। एक पीड़िता ने यह भी कहा कि उसका नाम सार्वजनिक कर दिया गया, जबकि उसे अपनी ही फाइल देखने की इजाजत नहीं दी गई थी। उसने इसे अन्याय बताया। इस पूरे मामले को लेकर ट्रम्प प्रशासन की आलोचना हो रही है।

# आज से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आयेंगे रोहित, विराट और ऋषभ सहित कई सितारे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत सहित कई स्टार क्रिकेटर बुधवार से यहां शुरु होने वाले घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते दिखेंगे। ये टूर्नामेंट एकदिवसीय प्रारुप में खेला जएगा। ऐसे में इन सभी क्रिकेटरों का इससे अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। आजकल एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच कम होते हैं , ऐसे में इससे रोहित और विराट को विशेष लाभ होगा कयोंकि इन दोनो ने ही अन्य प्रारुपों से संन्यास ले लिया है। इस टूर्नामेंट से इन दोनो को ही अपनी लय बनाये रखने का अवसर मिलेगा। दोनो का ही लक्ष्य इसमें बेहतर प्रदर्शन कर न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले साल की शुरुआत के लिए होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी दावेदारी बरकारार रखना रहेगा।

विजय हजारे ट्रॉफी में रोहित, विराट और ऋषभ के अलावा शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा भी खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसी) ने हाल में सभी खिलाड़ियों को फिट होने पर घरेलू क्रिकेट खेलने को कहा था। इसी कारण अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसमें खेलते दिख रहे हैं।

रोहित इसमें एक दशक जबकि विराट 15 साल बाद खेलते दिखेंगे। ये दोनो इसलिए भी इसमें खेल रहे हैं ताकि 2027 एकदिवसीय विश्वकप की दौड़ में बने रहें। इन दोनो को पता है कि स्टार खिलाड़ी होने के बाद भी टीम में कई नई प्रतिभाएं हैं, ऐसे में इनपर अपने को बेहतर साबित करने का दबाव रहेगा।

रोहित ने कहा है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। वहीं कोहली ने अभ्यास किया और कहा कि वह दिल्ली की ओर से दो से तीन मैच खेलेंगे।

दिल्ली एलीट ग्रुप डी में अपना पहला मैच बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ खेलेगा। यह मैच या तो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में या बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा। इसके बाद दिल्ली का सामना गुजरात से होगा। कोहली के मंगलवार रात बेंगलुरु पहुंचने के बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह स्टार बल्लेबाज इन दोनों मैच में खेलेगा।

विजय हजारे ट्रॉफी में प्रदर्शन का अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवीसीय मैचों के लिए उनके चयन पर कोई विशेष असर नहीं पड़ेगा पर कोहली और रोहित जानते हैं कि युवा खिलाड़ी जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद ईशान किशन की टीम में वापसी से साफ है कि बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन पर ध्यान दे रहा है। ऐसे में खराब प्रदर्शन नुकसान देह होगा।

रोहित और कोहली के अलावा कई अन्य स्टा खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। इसमें दिल्ली के कप्तान ऋषभ और शुभमन जैसे खिलाड़ी हैं। ऋषभ पिछले कुछ समय से सीमित ओवरों के प्रारुप में सफल नहीं रहे हैं। ऐसे में वह इस टूर्नामेंट में अधिक से अधिक रन बनाना चाहेंगे। यही हाल शुभमन का भी है। वह भी टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं पर सीमित ओवरों की रन नहीं बना पा रहे हैं। इसी कारण ऋषभ की तरह व भी टी20 विश्वकप से वह बाहर है। अब ये दोनो ही बेहतर प्रदर्शन कर चयनकर्तओं के सामने आने को साबित करना चाहेंगे। करके राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। इस ऋषभ ने अगस्त 2024 के बाद से एकदिवसीय या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नहीं खेला है।

वहीं शुभमन को भी उपकप्तान होने के बाद भी टी20 टीम से बाहर कर दिया गया है। ऐसे में उनका लक्ष्य भी अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। वह पंजाब की ओर से खेलते हुए हुए बेहतर प्रदर्षन करना चाहेंगे। करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे। इस टूर्नामेंट में चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी।

वहीं भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद के अलावा प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। ऐसे में ये भी बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करने की दावेदारी पेश करेंगे।



## पीएम मोदी से मिले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा... पत्नी भी रही मौजूद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास (7) से तस्वीरें सामने आई हैं, जहां उन्होंने भारतीय स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर की मेजबानी की। तस्वीरों में प्रधानमंत्री मोदी खिलाड़ी के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत करते दिख रहे है।

बात दें कि नीरज भारत के सबसे प्रतिष्ठित एथलीटों में से एक हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा के लिहाज से 2025 का साल उनके लिए मिला-जुला रहा। उनके सीज़न की एक बड़ी उपलब्धि दोहा डायमंड लीग में दिखाई दी। जहां उन्होंने 90 मीटर का बहुप्रतीक्षित आंकड़ा छू लिया। 90.23 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो एक व्यक्तिगत उपलब्धि थी, हालांकि यह स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर के बेहतर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जिससे नीरज को दूसरे स्थान पर रहना पड़ा है।

हार के बावजूद, नीरज ने अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पेरिस डायमंड लीग और ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक दोनों में जीत हासिल की। डायमंड लीग सीजन के दौरान, वे दौड़ रैंकिंग में कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि, विश्व चैंपियनशिप 27 वर्षीय नीरज चोपड़ा के लिए एक चुनौतीपूर्ण दौर साबित हुई।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर, नीरज को 2025 में भी जश्न मनाने के कारण मिले। उन्होंने बेंगलुरु में पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक की मेजबानी की, जिसमें दुनिया भर के एथलीटों ने भाग लिया। घरेलू मैदान पर प्रतिस्पर्धा करते हुए, उन्होंने 86.18 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ टूर्नामेंट जीता, जबकि जूलियस येगो और रमेश पथिरागे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## नोवाक जोकोविच ने चुना अनोखा ट्रेनिंग पार्टनर, ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की तैयारी तेज

**माल्टा (एजेंसी)।** एटीपी टूर के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की तैयारी के लिए अपने ऑफ-सीजन में एक नए और अप्रत्याशित ट्रेनिंग पार्टनर के साथ अभ्यास शुरू किया है। 36 वर्षीय सर्बियाई स्टार अपने करियर के अंतिम पड़ाव में होने के बावजूद लगातार शीर्ष पर बने रहने की कोशिश में हैं।



### जोकोविच ने चुना युवा फ्रेंच खिलाड़ी

जोकोविच ने 23 वर्षीय फ्रेंच खिलाड़ी आर्थर काजॉक्स के साथ ट्रेनिंग शुरू की है। काजॉक्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, %तीन शानदार दिन, ट्रेनिंग, सीखने और ञ्चस्रद्बश्वञ्चद्दह्लठ्ठश्वञ्चद्द के साथ अनुभव साझा करने का अवसर मिला। बहुत आभारी हूं।% यह साझेदारी इस लिहाज से भी हैरान करने वाली है कि काजॉक्स अभी टूर पर अपेक्षाकृत नया खिलाड़ी हैं।

### आर्थर काजॉक्स का 2025 में प्रदर्शन

काजॉक्स ने 2025 में अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 58 हासिल की। उन्होंने किट्ज़बुहेल ञ्जक्कफाइनल में खेलते हुए उल्लेखनीय खिलाड़ियों को हराया और ग्रैंड स्लैम स्तर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन में दो जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन ने उन्हें जोकोविच के लिए एक आकर्षक ट्रेनिंग पार्टनर बना दिया।

## ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का कमाल, टी20आई गेंदबाजों की रैंकिंग में हासिल किया पहला स्थान

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने करियर में पहली बार टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल किया है। वहीं दूसरी ओर, आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की वनडे सीरीज के समापन के बाद, दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड ने वनडे बल्लेबाज के रूप में नंबर 1 स्थान पुनः प्राप्त कर लिया है, जो हाल ही में स्मृति मंधाना ने उनसे छीना था।

ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड अगस्त से टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज थीं, लेकिन विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ दीप्ति के चार ओवरों में 1/20 के हालिया स्पेल ने भारतीय स्टार को शीर्ष पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीप्ति ने भारत की आठ विकेट की जीत से पांच रेटिंग अंक अर्जित किए और 28 वर्षीय खिलाड़ी अब टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी से एक अंक की मामूली बढ़त बनाए हुए हैं।



वनडे बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में मंधाना दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं, वहीं वोल्वाड्ट ने आयरलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली गई दक्षिण अफ्रीका की तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के अंतिम मैच में शानदार शतक लगाकर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वोल्वाार्ड्ट ने आयरलैंड के खिलाफ खेले गए अंतिम दो मैचों में शतक बनाए और प्रोटियाज ने श्रृंखला 3-0 से जीत ली। दक्षिण अफ्रीका की बेहद सुसंगत कप्तान ने अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल की और एक स्थान ऊपर चढ़कर मंधाना को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।

उनकी साथी खिलाड़ी अरुंधति रेड्डी (पांच स्थान ऊपर चढ़कर 36वें स्थान पर) ने भी श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच के बाद टी20द्ध गेंदबाजों की रैंकिंग में बढ़त हासिल की है, वहीं उनकी हमवतन जेमिमा रोड्रिग्स टी20आई बल्लेबाजों की नवीनतम सूची में सबसे आगे हैं, जो पांच स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। रोड्रिग्स ने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता और वह टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की शीर्ष 10 सूची में शामिल हो गईं, जहां वह साथी भारतीय खिलाड़ी मंधाना (तीसरे स्थान पर) और शेफाली वर्मा (10वें स्थान पर) के साथ शामिल हो गईं।

## बीसीसीआई ने अंडर–19 एशियाकप में खराब प्रदर्शन पर कोच और कप्तान से जवाब मांगा

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप अंडर–19 के फाइनल में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन पर टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे और टीम के मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर से जवाब मांगा है।भारतीय टीम को फाइनल में करारी हार का सामना करना पड़ा था जिससे प्रशंसकों में निराशा का भाव है।इसके बाद से ही बीसीसीसी के सभी सदस्यों ने टीम के कमजोर प्रदर्शन की समीक्षा की मांग की थी।जिसे बीसीसीसी ने मान लिया है। फाइनल में भारतीय टीम को 191 रनों से हार मिली थी।उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनो ही विफल रहे थे। वहीं इससे पहले के सभी मैच भारतीय टीम जीती थी। ग्रुप स्तर पर हावी रही भारतीय टीम ने तब पाक को भी हराया था पर फाइनल में वह नाकाम रही।ये समीक्षा इसलिए भी की गयी ताकि अगले साल 2026 में होने वाले अंडर–19 विश्व कप से पहले टीम को हो रही परेशानी को हल किया जाये। पाकिस्तान की टीम ने फाइनल में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही प्रभाव जमाया और भारतीय टीम को कोई अवसर नहीं दिया।भारतीय टीम के गेंदबाजों के सामने पाक ने 347 रन बनाये और इसके बाद भारतीय टीम को 26 ओवरों में ही समेट दिया।



## सुनील गावस्कर को मिली पर्सनैलिटी राइट्स की कानूनी सुरक्षा, बने पहले स्पोर्ट्सपर्सन



नई दिल्ली।भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इतिहास रचते हुए पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की न्यायिक सुरक्षा पाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है।दिल्ली हाई कोर्ट के इस अहम फैसले ने न केवल खेल जगत बल्कि डिजिटल कानून और सेलिब्रिटी अधिकारों के क्षेत्र में भी एक नई मिसाल कायम की है।यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब सोशल मीडिया, ई–कॉमर्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में मशहूर हस्तियों की पहचान का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनील गावस्कर के नाम, तस्वीर और पहचान के कथित गलत इस्तेमाल को लेकर सख्त रुख अपनाया।कोर्ट ने आदेश दिया कि सोशल मीडिया और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर मौजूद सभी उल्लंघनकारी पोस्ट, वीडियो और संबंधित कंटेंट को 72 घंटे के भीतर हटाया जाए।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि संबंधित अकाउंट या यूजर ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी होगी कि वे स्वयं ऐसे कंटेंट को हटाएं।

## नये साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड से एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अब नये साल में ही मैदान में उतरेगी। भारतीय टीम को नये साल की शुरुआत में अपनी ही धरती पर न्यूजीलैंड से तीन एकदिवसीय और 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज की शुरुआत 11 जनवरी से होगी। इस दौरान भारतीय टीम को आठ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। टीम का पहला एकदिवसीय मैच 11 जनवरी को वडोदरा में जबकि दूसरा 14 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा वहीं तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच 18 दिसंबर को इंदौर में खेला जाएंगा। ये मैच भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 1~30 बजे से खेले जाएंगे।

एकदिवसीय सीरीज के बाद टी20 मैचों की सीरीज होगी। इससे भारतीय टीम को फरवरी में अपनी ही धरती पर खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिए अभ्यास का अवसर मिलेगा। विश्वकप से पहले इस सीरीज से भारतीय टीम को अभ्यास का अंतिम अवसर मिलेगा। सीरीज का पहला टी20 मैच 21 जनवरी को नागपुर में खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 23 जनवरी को रायपुर में होगा ! तीसरा टी20 भारत 25 जनवरी को गुवाहाटी में खेलेगा वहीं चौथा मैच 28 को विशाखापत्तनम में जबकि सीरीज का पांचवां और आखिरी टी20 मैच 31 जनवरी 2026 को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। ये सभी मैच शाम 7~00 बजे से खेले जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम विश्व कप में खिताब बरकरार रखने उतरेगी।



आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत और न्यूजीलैंड के बीच अभी तक 120 एकदिवसीय मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 62 जबकि न्यूजीलैंड ने 50 मैच जीते हैं। वहीं सात मैचों का परिणाम नहीं निकला है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 25 टी20 अंतराष्ट्रीय मैच खेले गये हैं। इसमें 14 में भारतीय टीम। वहीं 10 में न्यूजीलैंड जीती है जबकि एक मैच टाई रहा है।टी20 विश्वकप ओर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम उतरेगी।

## किरण अंकुश जाधव ने राष्ट्रीय शूटिंग में 10 मीटर एयर राइफल का जीता स्वर्ण



भोपाल ।नेवी के किरण अंकुश जाधव ने मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिताओं के तहत 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल में संयमित और निरंतर प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।जाधव ने 252.1 अंकों के साथ प्रतियोगिता समाप्त की और ओलंपियन अर्जुन बाबूता को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 251.4 अंकों के साथ रजत पदक जीता।मौजूदा 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स राष्ट्रीय चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।रेलवे के शहू तुषार माने 209.3 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे।उनके बाद हिमांशु ने 181.1, रमायणा तोमर ने 166.7, ओंकार विकास वाघमारे ने 145.4 और प्रदीप सिंह ने 123.3 अंकों के साथ फाइनल लाइन–अप पूरा किया।10 मीटर एयर राइफल पुरुष जूनियर फाइनल में गुजरात के मोहम्मद मुरतजा वानिया ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 254.3 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।पश्चिम बंगाल के अभिनव शॉ ने 251.6 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि कर्नाटक के ओंकार विकास वाघमारे ने 230.1 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।कर्नाटक के नारायण प्रणव 209 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे, जिन्हें ओंकार के साथ शूट–ऑफ का सामना करना पड़ा।दिव्यांशु शैलेंद्र देवांगन 187.5 अंकों के साथ पांचवें और पार्थ माने 166.9 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे, जहां पार्थ भी शूट–ऑफ के बाद बाहर हुए।उमा महेश मद्दिनेनी ने 145.3 और हिमांशु ने 123 अंकों के साथ फाइनलिस्ट सूची पूरी की। 10 मीटर एयर राइफल पुरुष यूथ फाइनल में ओंकार विकास वाघमारे ने अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए 250 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।उन्होंने अंतिम शॉट्स में निर्णायक बढ़त बनाते हुए अपने ही राज्य के नारायण प्रणव को 0.3 अंकों से पीछे छोड़ा, जिन्हें रजत पदक मिला। तमिलनाडु के शक्तिवेल सेंथिवेल ने 229.5 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पार्थ माने 208.2 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे, जबकि अभिनव शॉ ने 187.3 और प्रीतम केंद्रे ने 166.4 अंकों के साथ क्रमश~ पांचवां और छठा स्थान हासिल किया। अबिषेक सेखर ने 145.2 और रितेश रविंद्र घुले ने 123.1 अंकों के साथ अन्य फाइनलिस्ट के रूप में प्रतियोगिता समाप्त की।पदक वितरण समारोह का आयोजन विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## भारत एफआईएच विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसला, महिला टीम 10वें स्थान पर

**लुसाने (स्विट्जरलैंड) (एजेंसी)।** भारत 2025 की शुरुआत पांचवें स्थान पर करने के बाद साल के अंत तक जाते-जाते FIH विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसल गया है जबकि महिला टीम 10वें स्थान पर है। 2025 में इंटरनेशनल हॉकी ने टॉप लेवल के एक्शन का एक लगातार कैलेंडर पेश किया - FIH हॉकी प्रो लीग की लड़ाइयों से लेकर नेशंस कप और नेशंस कप 2 के रोमांच के साथ-साथ सभी महाद्वीपों में कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप तक - जिससे एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में बड़े बदलाव हुए।

पुरुषों और महिलाओं दोनों के खेल में, जानी-मानी टीमों ने अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उभरती हुई टीमों ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। महिलाओं की रैंकिंग में, नीदरलैंड्स (3809) जिसने साल की शुरुआत टॉप स्थान पर की थी, उसने पूरे साल अपनी पकड़ बनाए रखी, एक और शानदार सीजन के साथ जिसमें उन्होंने प्रो लीग और यूरोहॉकी चैंपियनशिप में चैंपियनशिप जीतकर अपनी कैबिनेट में और ट्रॉफियां जोड़ीं, जबकि अर्जेंटीना (3326), बेल्जियम (3109) और चीन (2977) ने शानदार कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और प्रो लीग अभियानों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर बने रहे, जहां से उन्होंने साल की शुरुआत की थी।

स्पेन (2777) टॉप-10 रैंकिंग में साल के सबसे बड़े फायदे में रहने वालों में से है, क्योंकि वे पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साल की शुरुआत आठवें स्थान पर की थी ! स्पेन की यह बढ़त ऑस्ट्रेलिया (2758), जर्मनी (2734) और इंग्लैंड (2510) की कीमत पर हुई है, जो सभी एक-एक स्थान नीचे गिर गए हैं, और साल का अंत छठे, सातवें और आठवें स्थान पर किया है। न्यूजीलैंड (2319) जिसने 2025 में महिलाओं का एफआईएच हॉकी नेशंस कप और ओसनिया कप जीता था, वह भारत (2315) से ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गया है, जिसे 2025 में प्रो लीग से बाहर होना पड़ा था।

जापान (2186) और संयुक्त राज्य अमेरिका (2172) दो स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें और बारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि आयरलैंड (2030) और चिली (1999) तेरहवें और पंद्रहवें स्थान पर आ गए हैं, स्कॉटलैंड (2015) चौदहवें स्थान पर है। कोरिया (1864) सोलहवें स्थान पर बना हुआ है, उसके बाद फ्रांस (1742) है जिसकी एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2 में जीत ने उसे तीन स्थान ऊपर चढ़ने में मदद की। इटली (1737), उरुग्वे (1736) और दक्षिण अफ्रीका (1670) टॉप-20 में शामिल हैं, जबकि कनाडा (1668) और मलेशिया (1667) बस थोड़ा ही पीछे हैं !

पुरुषों की रैंकिंग में नीदरलैंड (3376) और बेल्जियम (3225) टॉप दो स्थानों पर बने हुए हैं, लेकिन साल की शुरुआत की तुलना में नीचे काफी बदलाव हुए हैं ! जर्मनी (3116) एक सफल यूरोहॉकी अभियान के बाद एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर आ गया है, उसके बाद अर्जेंटीना (3022) है जो साल की शुरुआत में आठवें स्थान पर रहने के बाद चौथे स्थान पर आ गया है ! ऑस्ट्रेलिया (3007) और स्पेन (2995) पांचवें और छठे स्थान पर एक-एक स्थान ऊपर चढ़े हैं, उसके बाद इंग्लैंड (2864) और भारत (2845) हैं जिन्हें सबसे बड़ा नुकसान हुआ है, जो साल की शुरुआत में क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर थे।

फ्रांस (2371) नौवें स्थान पर बना हुआ है, जबकि न्यूजीलैंड (2254) और आयरलैंड (2246) ने साल की शुरुआत से एक-दूसरे के साथ जगह बदली है। दक्षिण अफ्रीका (2127) और मलेशिया (2097) बारहवें और तेरहवें स्थान पर स्थिर हैं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग में प्रमोशन के बाद, पाकिस्तान (2034) चौदहवें स्थान पर एक स्थान ऊपर चढ़ गया है, उसके बाद वेल्स (1989) और कोरिया (1981) हैं। मिस्र (1956) जिसने एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2 में शानदार डेब्यू किया था, इस साल सबसे ज्यादा ऊपर चढ़ने वाली टीमों में से एक है, जो सत्रहवें स्थान पर है।



जापान (1982), कनाडा (1863) और स्कॉटलैंड (1843) टॉप-20 में शामिल हैं, जबकि ऑस्ट्रिया (1805), चिली (1727), चीन (1723), पोलैंड (1694) और संयुक्त राज्य अमेरिका (1690) अगले पांच स्थानों पर हैं। एफआईएच ने 1 जनवरी 2020 को जो रैंकिंग कैलकुलेशन मॉडल पेश किया, वह पिछले टूर्नामेंट-आधारित रैंकिंग सिस्टम से हटकर एक डायनामिक, मैच-आधारित तरीके पर आ गया है, जहाँ विरोधी टीमें ऑफिशियल,एफआईएच द्वारा मंजूर किए गए गेम्स में पॉइंट्स का आदान-प्रदान करती हैं। एक्सचेंज किए जाने वाले पॉइंट्स की संख्या मैच के नतीजे, टीमों की रिलेटिव रैंकिंग और मैच के महत्व पर निर्भर करती है।

## चिन्नास्वामी स्टेडियम को विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय मैच के आयोजन की अनुमति नहीं मिली

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 24 दिसंबर को दिल्ली और आंध्र प्रदेश के बीच विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय मैच के आयोजन की अनुमति नहीं मिली है।पुलिस आयुक्त सीमंत कुमार सिंह ने कह है कि आयोजकों ने मैच आयोजित करने की अनुमति मांगी थी पर उसे स्वीकार नहीं किया गया है।वहीं इससे पहले राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने स्टेडियम में क्रिकेट मैचों के आयोजन की अनुमति देने पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया था।समिति ने सोमवार को स्टेडियम का दौरा किया था और इसके बाद मैच की अनुमति नहीं दिये जाने की सलाह दी । पुलिस आयुक्त ने कहा, 'समिति ने कल स्टेडियम का दौरा किया था और उसकी सिफारिश पर मैच खेलने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया गया।इसलिए वहां कोई मैच नहीं होगा।

# विदेश भेजे जाने वाले धन में सालाना आधार पर 1.81 प्रतिशत की गिरावट

## यात्रा और शिक्षा खर्च घटे, लेकिन विदेशी निवेश में तेज उछाल

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की उदारीकृत धनप्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत अक्टूबर 2025 में विदेश भेजे जाने वाले धन में सालाना आधार पर 1.81 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार यह धनप्रेषण एक साल पहले के 2.40 अरब डॉलर की तुलना में घटकर 2.35 अरब डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय यात्रा और विदेश में शिक्षा पर खर्च कम होने से कुल धनप्रेषण में कमी आई, हालांकि विदेश में निवेश बढ़ने से गिरावट कुछ हद तक थमी है। एलआरएस के तहत कुल धनप्रेषण में अंतरराष्ट्रीय यात्रा की हिस्सेदारी लगभग 60 प्रतिशत होती है। अक्टूबर 2025 में अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर खर्च सालाना आधार पर 7.02 प्रतिशत घटकर 1.35 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1.45 अरब डॉलर था। इसी तरह, विदेश में शिक्षा पर खर्च में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई। यह खर्च 26.19 प्रतिशत घटकर 16.33 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले 22.118 करोड़ डॉलर था। जहां उपभोग से जुड़े खर्च घटे, वहीं विदेश में निवेश के मोर्चे पर मजबूत बढ़ोतरी देखने को मिली। इक्विटी और डेट में निवेश सालाना आधार पर 83 प्रतिशत बढ़कर 27.309 करोड़ डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 14.934 करोड़ डॉलर था। इसके अलावा विदेश में अचल संपत्ति की खरीद से जुड़ा धनप्रेषण 78.8 प्रतिशत बढ़कर 4.464 करोड़ डॉलर पहुंच गया। जमा (डिपॉजिट) के लिए भेजे गए धन में भी 20.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। गौरतलब है कि वर्ष 2004 में शुरू की गई एलआरएस योजना के तहत कोई भी भारतीय, अवयस्क सहित, एक वित्त वर्ष में 2.50 लाख डॉलर तक विदेश भेज सकता है। शुरुआत में इसकी सीमा 25,000 डॉलर थी, जिसे समय-समय पर आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार बढ़ाया गया।

# दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री हुई 18 लाख यूनिट, जीएसटी कटौती का असर

**नई दिल्ली ।**

नवंबर महीने में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर करीब 18 लाख यूनिट तक पहुंच गई। बिक्री के आंकडे में आए इस उछाल को जीएसटी कटौती के सकारात्मक असर के रुप में देखा जा रहा है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती और कंपनियों द्वारा डीलरों को दिए गए आकर्षक ऑफर्स के चलते त्योहारी सीजन के बाद भी शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही, जिससे डीलरों ने इन्वेंट्री दोबारा भरने पर जोर दिया। आईसीआरए का मानना है कि इन सकारात्मक कारकों का असर आगे भी देखने को मिल सकता है। रेटिंग एजेंसी ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2026 में दोपहिया वाहनों की वॉल्यूम ग्रोथ 6 से 9 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

इसमें जीएसटी कटौती, शहरी क्षेत्रों में खपत बढ़ने और सामान्य मानसून के चलते ग्रामीण मांग में सुधार से मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि, थोक बिक्री के उलट नवंबर में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। सालाना आधार पर रिटेल बिक्री 9.1 प्रतिशत घटी है। इसकी मुख्य वजह यह बताई गई है कि अक्टूबर में दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिससे नवंबर में स्वाभाविक गिरावट देखने को मिली।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शादी के मौजूदा सीजन और जीएसटी कटौती के सकारात्मक असर से डीलरों को ग्राहकों से लगातार अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में नवंबर में सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई और इनकी बिक्री 1,17,335 यूनिट रही। वित्त वर्ष 2026 के पहले आठ महीनों में कुल दोपहिया बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 6-7 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के आंकड़ों के अनुसार, खुदरा बिक्री में सुधार के चलते इन्वेंट्री का स्तर भी बेहतर हुआ है। सितंबर के अंत में जहां इन्वेंट्री करीब 60 दिनों की थी, वहीं नवंबर 2025 तक यह घटकर 44-46 दिनों पर आ गई।

# भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश 10 अरब डॉलर से अधिक होगा



**मुंबई।**

भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में संस्थागत निवेश 2025 में 10 अरब डॉलर से अधिक होगा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2025 में रियल एस्टेट में कुल 77 लेनदेन देखने को मिले हैं और इस दौरान कुल 10.4 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। यह लगातार दूसरा साल है, जब रियल एस्टेट में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया हैं कि यह आंकड़ा बीते साल के मुकाबले 17 प्रतिशत अधिक है और 2024 में सेक्टर में कुल संस्थागत निवेश 8.9 अरब डॉलर रहा था।

2025 में निवेश के अलावा कुल 11.43 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता देखने को मिली है और यह निवेश अगले 3-7 वर्षों के दौरान देश के रियल एस्टेट सेक्टर में आएगा। रियल एस्टेट सेक्टर की जानकार ने कहा, ÷2014 के बाद पहली बार, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 52 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। साथ ही, 2025 में मुख्य परिसंपत्ति अधिग्रहण में दोगुनी वृद्धि यह दिखाती है कि निवेशक न केवल भारत की ग्रोथ स्टोरी पर दांव लगा रहे हैं, बल्कि हमारी स्थिर, आय-सृजन करने वाली संपत्तियों के माध्यम से सक्रिय रूप से दीर्घकालिक संपत्ति का निर्माण कर रहे हैं। भारतीय आरईआईटी और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविस्ट्स) इस परिवर्तन के प्रमुख घटक के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने 2.5 बिलियन डॉलर का निवेश किया है जो कि मुख्य परिसंपत्ति अधिग्रहण का 56 प्रतिशत है। भारतीय निजी इक्विटी कंपनियों ने भी इसमें अतिरिक्त योगदान दिया है, जो कुल घरेलू पूंजी निवेश का 30 प्रतिशत है। हालांकि, कुल गतिविधि के प्रतिशत के रूप में विदेशी संस्थागत निवेश में गिरावट आई है, लेकिन कुल विदेशी पूंजी निवेश में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो भारतीय रियल एस्टेट के बुनियादी सिद्धांतों में निरंतर विश्वास को दर्शाता है।

# मीशो के शेयर में चार फीसदी की गिरावट

**- कंपनी का मार्केट कैप घटकर लगभग 86,652 करोड़ रह गया**

नई दिल्ली । ई-कॉमर्स कंपनी मीशो के शेयर में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई पर करीब 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 22 दिसंबर को यह शेयर 202.05 रुपये पर लोअर सर्किट में बंद हुआ था। यह लगातार तीसरा कारोबारी दिन है जब शेयर गिरावट में रहा। इस गिरावट के बाद कंपनी का मार्केट कैप घटकर लगभग 86,652 करोड़ रुपये रह गया।

12 से 18 दिसंबर के बीच मीशो के शेयर में जबरदस्त तेजी देखी गई थी और शेयर लगभग 42.5 फीसदी बढ़ा था। शेयर ने बीएसई पर 254.65 रुपये का हाई लेवल भी छू लिया था। मौजूदा गिरावट को लिस्टिंग के बाद हुई तेजी के बाद निवेशकों की प्रॉफिट बुकिंग से जोड़ा जा रहा है। मीशो के शेयर 10 दिसंबर 2025 को लिस्ट हुए थे। आईपीओ प्राइस




111 रुपये था, और अब शेयर लगभग 82 फीसदी ऊपर है। कंपनी के आईपीओ का सब्सक्रिप्शन 81.76 गुना हुआ था। प्रमोटर्स की हिस्सेदारी वर्तमान में 16.76 फीसदी है।

# आरबीआई ने अक्टूबर में रुपए को गिरने से बचाने 11.9 अरब डॉलर बेचे

**- डॉलर की खरीद 2.2 अरब डॉलर से बढ़कर 17.7 अरब डॉलर हुई**

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अक्टूबर 2025 में रुपये की स्थिरता बनाए रखने के लिए स्पॉट मार्केट में 11.9 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की। सितंबर में यह राशि 7.9 अरब डॉलर थी। इस दौरान डॉलर की खरीद 2.2 अरब डॉलर से बढ़कर 17.7 अरब डॉलर हो गई, जबकि बिक्री 192 फीसदी बढ़कर 29.6 अरब डॉलर हो गई। इसका मुख्य उद्देश्य रुपये को गिरने से रोकना था। आरबीआई ने भविष्य की कीमतों पर नियंत्रण के लिए फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट्स का भी उपयोग किया। अक्टूबर में शुद्ध फॉरवर्ड बिक्री 63.6 अरब डॉलर तक बढ़ी, जो सितंबर में 59.4 अरब डॉलर थी। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर तत्काल दबाव कम हुआ और निवेशकों को यह भरोसा मिला कि जरूरत पड़ने पर डॉलर उपलब्ध होंगे। एक्सचेंज-ट्रेडेड करेंसी फ्यूचर्स (ईटीसीएफ) बाजार में आरबीआई ने शुद्ध पोजीशन न्यूट्रल रखी।




अक्टूबर में खरीदी और बिक्री दोनों 2.3 अरब डॉलर रही, जबकि ट्रेडिंग वॉल्यूम 73.5 फीसदी बढ़ा। शुद्ध फ्यूचर्स बिक्री अक्टूबर में घटकर 1.4 अरब डॉलर रह गई। आंकड़ों से पता चलता है कि आरबीआई ने रुपए को लगभग 88-89 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे गिरने से रोकने पर ध्यान केंद्रित किया। अक्टूबर में प्रभावी हस्तक्षेप मूल्य 88.25 रुपए प्रति डॉलर रहा, जो सितंबर के 88.35 रुपए से थोड़ा कम था।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 13 पैसे की बढ़त पर बंद हुआ। सुबह शुरुआती कारोबार में रुपये में कमजोरी देखी गई। घरेलू शेयर बाजारों में नरमी और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी के चलते रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 5 पैसे गिरकर 89.73 पर आ गया। इससे पहले सोमवार को रुपया 89.68 पर बंद हुआ था। हालांकि, डॉलर में कमजोरी और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर कुछ समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती स्तर 89.67 पर खुला था, लेकिन बाद में गिरकर 89.73 पर आ गया। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 फीसदी की गिरावट के साथ 98.08 पर रहा, जिससे रुपये को स्थिरता मिली।



## सोना-चांदी के बाद अब तांबा बनेगा निवेशकों की नई पसंद

**- एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और ग्रीन एनर्जी बढ़ा रहे तांबे की मांग**

**नई दिल्ली ।** साल 2025 में सोना और चांदी ने निवेशकों को हैरान करने वाला रिटर्न दिया, लेकिन अब तांबा निवेशकों की नजर में नया किंग बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में तांबे की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। बाजार विशेषज्ञों के मुतो बिक एआई डेटा सेंटर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी), ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिफिकेशन की बढ़ती जरूरत तांबे की मांग को तेजी से बढ़ा रही है। वैश्विक तांबा बाजार में 2025 में लगभग 1.24 लाख टन और 2026 में 1.50 लाख टन की कमी रहने का अनुमान है। भारत में तांबे का एकमात्र प्रमुख उत्पादक हिंदुस्तान कॉपर है, जिससे सप्लाई सीमित बनी हुई है। उनका कहना है कि बिजली के इस्तेमाल में वृद्धि, इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग और ग्रिड वायरिंग में तांबे की अहम भूमिका इसे रणनीतिक धातु बनाती है। इस साल अब तक तांबे की कीमतों में लगभग 35 फीसदी की तेजी आई है, जो 2009 के बाद सबसे बड़ी बढ़त मानी जा रही है। वर्तमान में तांबे की कीमत लगभग 12,000 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक पहुँच चुकी है। निवेशक इसे सिर्फ सट्टा नहीं मान रहे, बल्कि वास्तविक मांग पर आधारित निवेश विकल्प के रूप में देख रहे हैं। बताया जा रहा है` कि 2026 में वैश्विक तांबे की मांग 27 मिलियन टन तक पहुंच सकती है, जिसमें अकेले चीन की मांग में 3.7 फीसदी की वृद्धि शामिल है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई डेटा सेंटर्स, इले क्ट्रिक वाहनों और ग्रीन एनर्जी की तेजी से बढ़ती जरूरत तांबे की कीमतों को नए रिकॉर्ड तक ले जा सकती है।

## अमेरिका में बनी कारों को घरेलू बाजार में बेचेगी टोयोटा

**नई दिल्ली ।**

जापानीज कंपनी टोयोटा साल 2026 से अमेरिका में बनी कुछ कारों को घरेलू बाजार में बेचेगी। टोयोटा के मुताबिक, अमेरिका में बने कैमरी सेडान, हाईलैंडर एसयूवी और टुंड्रा पिक-अप ट्रक को जापान में बिक्री के लिए पेश किया जाएगा। ये वाहन अमेरिका के केंटकी, इंडियाना और टेक्सास स्थित प्लांट्स में तैयार किए जाते हैं। कंपनी का कहना है कि इससे वह जापानी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा कर सकेगी और साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग भी बढ़ेगा। दरअसल, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में जापान से अमेरिका आने वाली कारों और ऑटो पार्ट्स पर भारी टैरिफ लगाए गए थे। इससे जापानी ऑटो कंपनियों पर काफी दबाव बढ़ गया था। टोयोटा का यह फैसला उसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है, जहां कंपनी अमेरिका के प्रति 'गुडविल' दिखाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, एक्सपर्ट्स मानते हैं कि यह रास्ता आसान नहीं होगा। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के ऑटो एनालिस्ट तात्सुओ योशिदा के अनुसार, कैमरी और हाईलैंडर जैसी गाड़ियां जापानी सड़कों और पार्किंग स्पेस के हिसाब से काफी बड़ी हैं। इसके अलावा, लेफ्ट-हैंड ड्राइव भी जापानी ग्राहकों के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकती है। अगर भविष्य में राइट-हैंड ड्राइव वर्जन पेश किए जाते हैं, तो मांग बढ़ने की संभावना बन सकती है। बता दें कि टोयोटा कंपनी के इस कदम को सिर्फ बिजनेस रणनीति नहीं, बल्कि अमेरिका-जापान के बीच ट्रेड रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

# शेयर बाजार में मिला-जुला कारोबार हुआ

**सेंसेक्स 42.64 अंक गिरा, निफ्टी 4.75 अंक ऊपर आया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार सपाट बंद हुआ। एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी होने से दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 42.64 अंक टूटकर 85,524.84 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 4.75 अंक ऊपर आकर 26,177.15 पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान केवल एफएमसीजी, मेटल और उर्जा शेयरों में ही तेजी रही। निफ्टी मेटल और उर्जा शेयरों में बढ़त रही। वहीं निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी ऑटो में भी हल्की तेजी रही जबकि निफ्टी आईटी , निफ्टी पीएसयू बैंक 0, निफ्टी फार्मा और निफ्टी रियल्टी में गिरावट रही।

सेंसेक्स के शेयरों की बात करें तो टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, एचयूएल, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम के शेयरों में तेजी रही। वहीं भारती एयरटेल, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

आज साप्ताहिक एक्सपायरी पर निफ्टी ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। बाजार सपाट बंद हुआ पर व्यापक स्तर पर बाजार में तेजी थी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,292 शेयरों में तेज जबकि 1,892 शेयरों में गिरावट रही। 181 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ।

इससे पहले आज सुबह भारतीय बाजारों की शुरुआत सपाट स्तर पर रही। ,सुबह शुरुआत के बाद निफ्टी 50 7.5 अंक की मामूली गिरावट के साथ 26,164.20 के स्तर पर कारोबार




करता दिखा। वहीं सेंसेक्स 50.96 अंक फिसलकर 85,516.52 पर आ गया। बाजार में सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। आज एशियन पेंट्स, एटरनल और भारती एयरटेल के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं एशियाई बाजारों में भी तेजी देखने को मिली। जापान का निक्कई 225 लगभग स्थिर रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.73 फीसदी और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी एसएएक्स 200 0.42 फीसदी ऊपर कारोबार करता दिखा। अमेरिकी बाजारों में भी हॉलिडे शॉर्टेड वीक में सकारात्मक रुख रहा। एसएंडपी 500 0.64 फीसदी, नेस्डेक कम्पो जिट 0.52 फीसदी और डाओ जोंस 0.47 फीसदी बढ़े।

## आरआईटीईएस को दक्षिण अफ्रीका में 315 करोड़ का लोकोमोटिव ठेका

**- भारत की रेल तकनीक का अंतरराष्ट्रीय विस्तार, डेढ़ साल में प्रोजेक्ट पूरा**

**नई दिल्ली ।** रेल अवसंरचना, परामर्श एवं इंजीनियरिंग कंपनी (आरआईटीईएस लिमिटेड) ने दक्षिण अफ्रीका की नडालामा कैपिटल लिमिटेड से डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आपूर्ति और संचालन का ठेका हासिल किया है। ठेके की कुल लागत 315.7 करोड़ रुपये (35.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। कंपनी ने बीएसई को बताया कि यह प्रोजेक्ट डेढ़ वर्ष में पूरा किया जाएगा। आरआईटीईएस लिमिटेड, जो रेल मंत्रालय के अधीन नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है, इस ठेके के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। इस परियोजना से भारत-दक्षिण अफ्रीका के द्विपक्षीय रेल सहयोग को भी बल मिलेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह ठेका भारतीय रेल प्रौद्योगिकी की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है।

## उत्सर्जन धोखाधड़ी मामले में मर्सिडीज-बेंज 14.96 करोड़ डॉलर भुगतान करेगी

**मैडिसन ।** मर्सिडीज-बेंज यूएसए और उसकी मूल कंपनी डेमलर एजी ने उत्सर्जन धोखाधड़ी के आरोपों के निपटान के लिए 14.96 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। अटॉर्नी जनरल के एक गठबंधन ने यह घोषणा की। 008 से 2016 के बीच, जर्मनी की कंपनी ने 211,000 से अधिक डीज़ल कारों और वैनों में ऐसा सॉफ्टवेयर लगाया, जो परीक्षण के समय उत्सर्जन नियंत्रण को बेहतर दिखाता था, लेकिन सामान्य संचालन में यह नियंत्रण कम कर देता था। मझौते के तहत मर्सिडीज को रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन करना होगा और किसी भी प्रकार की भ्रामक बिक्री या विपणन से बचना होगा। 2020 में कंपनी ने अमेरिकी सरकार और कैलिफ़ोर्निया राज्य को पहले ही 1.5 अरब डॉलर का भुगतान किया था। इसी तरह वोल्क्सवेगन को पहले उत्सर्जन धोखाधड़ी के मामलों में 2.8 अरब डॉलर का भुगतान करना पड़ा था।

# सिप्ला ने भारत में लॉन्च की पहली इनहेल्ड इंसुलिन 'अफ्रेजा'

**- डायबिटीज पीड़ित वयस्कों के लिए इंजेक्शन का नया विकल्प, सांस के जरिए ली जाने वाली इंसुलिन**

**नई दिल्ली ।**

दवा कंपनी सिप्ला ने भारत में डायबिटीज से पीड़ित वयस्कों के लिए इनहेल्ड इंसुलिन 'अफ्रेजा' को लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके साथ ही अफ्रेजा भारत में व्यावसायिक रूप से उपलब्ध होने वाली पहली ऐसी इंसुलिन बन गई है, जिसे इंजेक्शन की बजाय सांस के जरिए लिया जाता है। कंपनी के अनुसार उसे पिछले साल के अंत में इस दवा के विशेष वितरण और विपणन के लिए केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से नियामकीय मंजूरी मिली थी। अफ्रेजा एक तेजी से असर करने वाली इंसुलिन है, जिसे मुंह से सांस के जरिए लिया जाता है। इसका निर्माण अमेरिका की मैनकाइंड कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाता है। यह दवा एक बार इस्तेमाल किए जाने वाले कार्ट्रिज में उपलब्ध होती है, जिसे एक छोटे, हाथ में पकड़े जाने वाले इनहेलर उपकरण के माध्यम से लिया जाता है। कंपनी के मुताबिक, इंसुलिन लेने के बाद यह तेजी से घुल जाती है और लगभग 12 मिनट के भीतर ब्लड ग्लूकोज को कम करना शुरू कर देती है। इस उपचार की शुरुआत आमतौर पर दिन के प्रमुख भोजन के साथ की जाती है और मरीज की क्लीनिकल जरूरतों के अनुसार इसकी खुराक को समायोजित किया जा सकता है। सिप्ला ने बताया कि यह इनहेल्ड फॉर्मूलेशन टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित वयस्कों के लिए इंजेक्टेबल प्रैंडियल इंसुलिन का एक वैकल्पिक विकल्प है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि इंजेक्शन से जुड़ी चिंता, इलाज की जटिलता और व्यवहार संबंधी कारणों के चलते कई मरीज इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में देरी करते हैं या बीच में छोड़ देते हैं।

## नवंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि घटकर 1.8 प्रतिशत पर

**- पिछले साल नवंबर महीने में 5.8 प्रतिशत थी**

**नई दिल्ली ।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि नवंबर 2025 में घटकर 1.8 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 5.8 प्रतिशत थी। कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली के उत्पादन में कमजोरी इसके मुख्य कारण रहे। अक्टूबर में इन उद्योगों का उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा था। अप्रैल-नवंबर 2025-26 में आठ प्रमुख उद्योगों का कुल उत्पादन 2.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में वृद्धि 4.4 प्रतिशत थी। इससे पता चलता है कि इस वर्ष उद्योगों की वृद्धि पिछली अवधि की तुलना में धीमी रही। नवंबर में कोयला और इस्पात उत्पादन में नरमी आई। वहीं उर्वरक और सीमेंट उत्पादन ने बेहतर प्रदर्शन किया, क्रमशः 5.6 प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। मासिक आधार पर आंकड़े बताते हैं कि अक्टूबर से नवंबर के बीच अधिकांश क्षेत्रों में सुधार हुआ। एक अर्थशास्त्री के अनुसार त्योहारों के बाद नवंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सुधरी, लेकिन यह अभी भी सुस्त है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक नवंबर में 3.5-4.5 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है।



# 60 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति-बिजनेसमैन राज कुंद्रा इन दिनों कानूनी विवादों में है। दरअसल, उनका नाम 60 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी और ठगी केस से जुड़ा है। उन्होंने खुद पर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। अब शिल्पा शेट्टी ने भी इस पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनका नाम गलत तरीके से लिया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित कंपनी में उनकी भूमिका सीमित और गैर-ऑपरेशनल थी।

शिल्पा शेट्टी की टीम की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया है, इस मामले से मेरा नाम जोड़ने की बेबुनियाद कोशिश से मुझे बहुत दुख हुआ है। कंपनी के साथ मेरा जुड़ाव पूरी तरह से नॉन-एग्जीक्यूटिव था, जिसमें ऑपरेशंस, फाइनेंस, फैसले लेने या किसी भी साइनिंग अथॉरिटी में मेरी कोई भूमिका नहीं थी। असल में, कई दूसरी जानी-मानी हस्तियों की तरह मैंने भी होम शॉपिंग चैनल के लिए कुछ प्रोडक्ट्स को प्रोफेशनल तौर पर एंडोर्स किया था, जिसके लिए मुझे मिलने वाला पेमेंट अभी भी बकाया है। जारी बयान में कहा गया है कि कंपनी के रोजाना के कामकाज, फाइनेंस या फैसले लेने में उनकी (शिल्पा शेट्टी) कोई भूमिका नहीं थी।

## कंपनी को करोड़ों का लोन देने की कही बात

शिल्पा शेट्टी ने आगे आरोप लगाया कि उनके परिवार ने कंपनी को एक बड़ी रकम लोन के तौर पर दी थी, जिसमें लगभग 20 करोड़ रुपये का लोन दिया गया था और वह रकम अभी भी चुकाई नहीं गई है। एक्ट्रेस ने हा, मैं यह रिकॉर्ड पर लाना चाहती हूं कि हमारे परिवार ने कंपनी को लगभग 20 करोड़ रुपये का लोन दिया है और वह रकम अभी भी बकाया है। मुझ पर आपराधिक जिम्मेदारी डालने की यह कोशिश, खासकर लगभग नौ साल की बिना किसी वजह की देरी के बाद, कानूनी तौर पर गलत है और कानून के तय सिद्धांतों के खिलाफ है।

बोलीं- न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा है

एक्ट्रेस ने आगे कहा, इन तथ्यों के बावजूद, मेरा नाम बेवजह कार्यवाही में घसीटा जा रहा है, जो परेशान करने वाला और गलत है। ऐसे बेबुनियाद आरोप न केवल तथ्यों को गलत तरीके से पेश करते हैं, बल्कि सार्वजनिक तौर पर एक महिला की गरिमा, ईमानदारी और प्रतिष्ठा को भी गलत तरीके से नुकसान पहुंचाते हैं। बयान में आगे कहा गया, बॉम्बे हाई कोर्ट में पहले ही एक याचिका दायर की जा चुकी है, मुझे न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है और मैं अपने अधिकारों और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए उचित कानूनी उपाय करूंगी।

# निधि अग्रवाल ने आठ साल में कीं आठ फिल्में, अब प्रभास संग करेंगी रोमांस




सोशल मीडिया पर अभिनेत्री निधि अग्रवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ये वायरल वीडियो हैदराबाद में हुए प्रभास और निधि की फिल्म 'द राजा साब' के गाने के लॉन्च इवेंट के बाद का है। निधि इवेंट से निकलकर वापस जा रही थीं, तभी वहां मौजूद भीड़ उन पर इस तरह से टूट पड़ी कि एक्ट्रेस लोगों के बीच में फंस गईं। हालांकि, किसी भी तरह से सिक्योरिटी गार्ड्स ने निधि को उनकी कार तक पहुंचाया। इस वीडियो के सामने आने के बाद अब लोग भीड़ पर नाराजगी जता रहे हैं।

## टाइगर श्रॉफ की फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में रखा कदम

साल 2014 में मिस दीवा यूनिवर्स में हिस्सा लेने वाली निधि अग्रवाल ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2017 में की। निधि ने बॉलीवुड की फिल्म 'मुन्ना माइकल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म के लिए निधि का चयन 300 कैंडिडेट के ऑडिशन के बाद हुआ था।

## प्रभास के साथ द राजा साब में आएंगी नजर

निधि अग्रवाल अब फिल्म 'राजा साब' में नजर आएंगी। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म को बड़े स्तर पर बनाया गया है। इस फिल्म में निधि अपने से 14 साल बड़े अभिनेता प्रभास के साथ रोमांस फरमाती नजर




आएंगी। 'राजा साब' 9 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। पहले इस फिल्म को 5 दिसंबर को ही रिलीज होना था, लेकिन अब फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ है। निधि अग्रवाल को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं।

भीड़ में फंसने के बाद निधि अग्रवाल का वीडियो वायरल है। कई लोग इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और वहां मौजूद लोगों के रवैये पर सवाल उठा रहे हैं। तो वहीं सोशल मीडिया पर कई यूजर्स 'द राजा साब' के मेकर्स पर भी सवाल उठा रहे हैं और उनकी व्यवस्था की कड़ी आलोचना कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक इस पूरे मामले पर निधि अग्रवाल, प्रभास या फिल्म के मेकर्स की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### 2018 में तेलुगु और 2021 में तमिल सिनेमा में किया डेब्यू

बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद निधि ने साल 2018 में नागा चैतन्य के साथ फिल्म 'सब्यसाची' से तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत की। जबकि साल 2021 में उन्होंने तमिल सिनेमा में अपनी शुरुआत फिल्म 'ईस्वरन' से की। हिंदी फिल्म से अपनी शुरुआत करने वाली निधि अग्रवाल ने अब तक अपने करियर में तीन तेलुगु और दो तमिल फिल्मों में काम किया है। हालांकि, उनके खाते में 'आई स्मार्ट शंकर' को छोड़कर अब तक कोई बड़ी हिट फिल्म नहीं आई है। इस साल वो पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीर मल्लु' में भी नजर आई थीं, लेकिन यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई।



# सात साल बाद फिर से साथ नजर आने वाले हैं कार्तिक और अनन्या



बॉलीवुड में जब कोई जोड़ी एक बार साथ काम कर चुकी होती है और फिर लंबे समय बाद स्क्रीन पर लौटती है, तो उनके बीच का रिश्ता और काम करने का अनुभव हमेशा चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसा ही कुछ कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे के बीच देखने को मिल रहा है। दोनों फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में सात साल बाद फिर से साथ नजर आने वाले हैं। 2018 में दोनों ने पहली बार पति, पत्नी और वो में साथ काम किया था, और अब फिल्म की रिलीज से पहले दोनों की केमिस्ट्री को लेकर काफी बातें हो रही हैं।

फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में कार्तिक ने अनन्या के साथ स्क्रीन शेयर करने के अनुभव को साझा किया। कार्तिक ने कहा, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अनन्या के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने फिल्म में शानदार काम किया है और हर सीन में अपने अभिनय का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वह असल में बहुत मेहनती हैं और उनके काम को देखकर सभी को प्रेरणा मिलती है। कार्तिक ने अनन्या के करियर को लेकर कहा, जब अनन्या इंडस्ट्री में आई थीं, तब भी बेहद आत्मविश्वासी थीं और अब एक बेहतरीन अदाकारा बन चुकी हैं। उन्होंने न केवल अभिनय का हुनर दिखाया, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी खुद को आगे बढ़ाया है। मैंने अनन्या को एक बेहतर इंसान के रूप में बढ़ते हुए देखा है, और यह अनुभव मेरे लिए हमेशा खास रहेगा। उन्होंने बताया कि अनन्या निर्देशक की सलाह को अच्छे से अपनाती हैं और हर सीन में एक नई ऊर्जा लाती हैं।

# इमरान हाशमी ने शुरू की आवारापन 2 की शूटिंग

इमरान हाशमी को हाल ही में फिल्म आवारापन 2 की शूटिंग करते हुए पेट में चोट आई थी। खबरों के मुताबिक एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान एक्टर के साथ हादसा हुआ। चोट लगने के बाद उनका इलाज किया गया। अब इमरान हाशमी ने दोबारा फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इमरान हाशमी को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। उन्हें एक्शन मूवमेंट्स शूट करने की मनाही है। इमरान हाशमी पर फिल्माए जाने वाले एक्शन सीन चोट ठीक हो जाने के बाद फिल्माए जाएंगे। इससे पहले इमरान हाशमी उन सीन्स को शूट करेंगे जो आसान हैं। फिल्म आवारापन 2इमरान हाशमी की 2007 में आई फिल्म आवारापन का सीक्वल है। पिछली फिल्म में इमरान हाशमी के साथ श्रेया सरन थीं। इस फिल्म में दिशा पाटनी होंगी।




# माधुरी दीक्षित ने अपने करियर, फिल्ममेकिंग में आए बदलाव और फिल्मों के चयन को लेकर बात की

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित चार दशकों से भी ज्यादा समय से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उन्होंने न सिर्फ कई सुपरहिट फिल्में दीं, बल्कि बदलते दौर के साथ खुद को भी लगातार ढालती रहीं। इस बीच, उन्होंने अपने करियर के सफर, फिल्ममेकिंग में आए बदलाव और आज के समय में फिल्मों के चयन को लेकर बात की। उस दौर को याद करते हुए उन्होंने कहा, तब फिल्म इंडस्ट्री आज जैसी व्यवस्थित नहीं थी। 80 और 90 के दशक में सिर्फ कुछ ही प्रोड्यूसर ऐसे थे, जो काम को बहुत प्रोफेशनल तरीके से करते थे। इनमें यश चोपड़ा, बी. आर. चोपड़ा, सुभाष घई और राजश्री प्रोडक्शन्स जैसे नाम शामिल थे। ज्यादातर फिल्में बिना ज्यादा प्लानिंग और सुविधाओं के बनती थीं। आज की तुलना में उस समय सब कुछ काफी अव्यवस्थित हुआ करता था।

माधुरी ने कहा, पहले फिल्मों में काम करते समय कलाकारों को बहुत ज्यादा तैयारी का मौका नहीं मिलता था। शूटिंग अक्सर अचानक शुरू हो जाती थी और कलाकारों को मौके पर ही सीन समझकर शूट करना पड़ता था। आज के समय में स्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। अब कलाकारों को पहले से पूरी स्क्रिप्ट मिल जाती है, किरदार पर विस्तार से काम करने का समय मिलता है और शूटिंग से पहले अच्छी तैयारी की जाती है। इससे कलाकार अपने रोल को बेहतर तरीके से निभा पाते हैं। उन्होंने कहा, पहले शूटिंग के दौरान कलाकारों की सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। इसके मुकाबले आज फिल्म सेट पर हर सुविधा उपलब्ध होती है। माधुरी ने कहा, आज फिल्मों में किरदारों पर बहुत ज्यादा मेहनत की जाती है। अब यह पहले से तय होता है कि कलाकार क्या पहनेंगे, उनका लुक कैसा होगा, और वे किस तरह से स्क्रीन पर नजर आएंगे। शूटिंग से पहले रीडिंग सेशन और रिहर्सल भी होती है, जो पहले के समय में नहीं हुआ करती थी। इन सब बदलावों से फिल्ममेकिंग का स्तर काफी ऊपर चला गया है।



# सख्त पुलिसवाले से लेकर खूंखार गैंगस्टर तक पर्दे पर इन किरदारों से जॉन अब्राहम ने मचाई 'धूम'



**मॉडलिंग से अपना करियर शुरू करने वाले जॉन अब्राहम की गिनती इंडस्ट्री के प्रमुख अभिनेताओं में होती है। दो दशक से भी लंबे अपने एक्टिंग करियर में जॉन कई सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। एक्टिंग के अलावा जॉन अब्राहम अपने लुक और बॉडी को लेकर भी अक्सर चर्चाओं में रहते हैं। अपनी फिल्मों के अलावा उन्होंने कई अन्य सफल फिल्मों का भी निर्माण किया है।**

## कबीर (धूम)

साल 2004 में आई फिल्म 'धूम' में जॉन अब्राहम ने कबीर नाम के एक चोर की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम का लुक और बाइक चलाने का उनका स्वैग लोगों को काफी पसंद आया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। इस फिल्म को एक ट्रेंड सेटर फिल्म माना जाता है, जिसने बड़े वालों वाले लुक और बाइक के प्रति लोगों की दीवानगी में इजाफा किया था।

## श्याम या सैम (गरम मसाला)

चोर बनकर लोगों का दिल चुराने के बाद जॉन अब्राहम साल 2005 में आई कॉमेडी फिल्म 'गरम मसाला' में श्याम उर्फ सैम के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में जॉन अब्राहम अक्षय कुमार के साथ प्रमुख भूमिका में थे। फिल्म में दोनों दोस्त बने हैं। फिल्म में जॉन की कॉमिक टाइमिंग ने सभी को हैरान किया था।

## के (नो स्मोकिंग)

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'नो स्मोकिंग' भले ही बॉक्स ऑफिस पर सफल न रही हो, लेकिन फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिली थी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने के नाम के एक चेन स्मोकर की भूमिका निभाई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर में जॉन अब्राहम के अभिनय की काफी तारीफ हुई थी।

## सनी भसीन (गोल)

2007 में आई फिल्म 'गोल' एक स्पोर्ट ड्रामा है, जो फुटबॉल पर आधारित है। फिल्म में क्लब फुटबॉल से लेकर नेशनल लेवल तक के फुटबॉल खेल को दिखाया गया है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने सनी भसीन नाम का किरदार निभाया है, जो एक अच्छा फुटबॉल प्लेयर होता है। जॉन अब्राहम असल जिंदगी में भी काफी अच्छी फुटबॉल खेल लेते हैं।

## कुणाल चौहान (दोस्ताना)

फिल्म 'दोस्ताना' दो दोस्तों की कहानी है। फिल्म में जॉन अब्राहम के साथ अभिषेक बच्चन और प्रियंका चोपड़ा प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म में सैम (अभिषेक बच्चन) और कुणाल (जॉन अब्राहम) रेंट पर घर लेने के लिए समलैंगिक कपल होने का नाटक करते हैं। इसके बाद लोग उन्हें असल में भी समलैंगिक समझने लगते हैं। फिल्म में जॉन अब्राहम की बॉडी और लुक्स की काफी चर्चा हुई थी। यह फिल्म उनके करियर की अहम फिल्मों में शामिल है।

## मान्या सुर्वे (शूटआउट एट वडाला)

संजय गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म 'शूटआउट एट वडाला' में जॉन अब्राहम ने मान्या सुर्वे का किरदार निभाया है। मान्या 1970-80 के दशक में मुंबई का एक शिक्षित और खूखांर गैंगस्टर रहा है। इस गैंगस्टर के किरदार में जॉन अब्राहम काफी जंचे थे और उनकी एक्टिंग की जमकर तारीफ भी हुई थी।

## समीर शेख (न्यूयॉर्क)

कबीर खान की फिल्म 'न्यूयॉर्क' जो 9/11 हमलों के बाद न्यूयॉर्क में रहने वाले तीन दोस्तों (जॉन अब्राहम, कटरीना कैफ और नील नितिन मुकेश) की कहानी है। फिल्म में जॉन ने समीर शेख उर्फ सैम की भूमिका निभाई है, जो आतंकवाद का गलत आरोप लगने के बाद आतंकी गतिविधियों में शामिल हो जाता है।

## विक्रम सिंह (मद्रास कैफे)

साल 2013 में आई फिल्म 'मद्रास कैफे' सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म है। शूजित सरकार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने भारतीय खुफिया जासूस विक्रम सिंह की भूमिका निभाई है। 1980 और 1990 के दशक की शुरुआत में श्रीलंका के गृहयुद्ध और भारतीय हस्तक्षेप से प्रेरित इस फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या और उसकी जांच को दिखाया गया है।

## एसीपी संजय कुमार (बाटला हाउस)

2018 में दिल्ली के बाटला हाउस में हुए एनकाउंटर पर आधारित फिल्म 'बाटला हाउस' में जॉन अब्राहम ने एसीपी संजय कुमार की भूमिका निभाई है। असल पुलिस वाले के किरदार में जॉन अब्राहम काफी जंचे हैं।

## जिम (पठान)

यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'पठान' में जॉन अब्राहम ने विलेन की भूमिका निभाई है। फिल्म में जॉन ने जिम नाम के पूर्व रॉ एजेंट और आउटफिट एक्स नाम के आतंकी संगठन के सरगना का किरदार निभाया है। शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म में जॉन एक खूंखार, शक्तिशाली और दहशत फैलाने वाले विलेन के किरदार में नजर आए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in